Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 133 | सोमवार, 18 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## गुजरात में अमित शाह ने किया टेक पार्क का उद्घाटन, बोले- देश का सबसे बड़ा सर्विस और डीप-टेक हब बनेगा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**गुजरात।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के दौरे पर हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वे गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ नवनिर्मित 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर कैंपस के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने गुजरात को आने वाले समय में देश का सबसे बड़ा सर्विस और डीप-टेक हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार के संकल्प को दोहराया।

### गुजरात के औद्योगिक विकास की तारीफ

समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने गुजरात के औद्योगिक विकास की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वे काम के सिलसिले में देश के लगभग सभी राज्यों का दौरा करते हैं, लेकिन उद्योगों के विकास की जो रफ्तार गुजरात में देखने को मिलती है, वह सचमुच बेमिसाल है।

गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और अब हमारा लक्ष्य सर्विस सेक्टर में भी गुजरात को देश के सबसे आगे रहने वाले राज्यों में शामिल करना है।

### युवाओं की सोच बनेगी देश की ताकत

गृह मंत्री ने याद दिलाया कि जब एनआईडी की स्थापना की गई थी, तब इसके उद्देश्यों को बहुत दूर की सोच के साथ तैयार किया गया था। आज वही सोच भारत को नए स्टार्टअप, बेहतरीन डिजाइन और टेक्नोलॉजी के रास्ते पर आगे ले जा रही है।

उन्होंने अंत में कहा कि हमारे देश के युवाओं की नई सोच और तकनीक पर आधारित व्यापार ही आने वाले समय में भारत की असली आर्थिक ताकत बनने जा रहे हैं।

### एआई और डीप-टेक में भारत का बढ़ता कदम

अमित शाह ने भविष्य की तकनीकों पर जोर देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज एआई, डीप-टेक, डिजाइन इनोवेशन और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में तेजी से दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है। आने वाले 25 सालों में यही तकनीकें पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चलाएंगी और भारत इसके लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है।' उन्होंने आगे कहा कि भारत के युवाओं का हुनर, तकनीकी क्षमता और नया सोचने का अंदाज आज पूरी दुनिया को अपनी तरफ खींच रहा है। उन्हें पूरा भरोसा है कि गुजरात आने वाले सालों में सिर्फ फैक्ट्रियों का ही नहीं, बल्कि सर्विस और नॉलेज इकोनॉमी का भी सबसे बड़ा केंद्र बनेगा।

### एनआईडी में नई शुरूआत

अहमदाबाद में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के एक कार्यक्रम में शामिल होकर गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर परिसर में 'इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर' की शुरूआत की। उन्होंने इस केंद्र को नए आइडिया पर आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि ठक्क सिर्फ पढ़ाई-लिखाई का एक कॉलेज नहीं है, बल्कि यह युवाओं की रचनात्मकता, नई सोच और व्यापार को आपस में जोड़ने वाला एक मजबूत मंच है, जिसने देश को डिजाइन की दुनिया में नई दिशा दी है।

## 20 हजार टन एलपीजी लेकर गुजरात पहुंचा जहाज 'सिमी', 13 मई को पार किया था होर्मुज



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**गुजरात।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच 20 हजार टन एलपीजी लेकर 'सिमी' कैरियर कांडला के दीनदयाल पोर्ट पर सुरक्षित रूप से पहुंच गया है। इस जहाज ने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट को पार किया था। इस जहाज पर 21 क्रू सदस्य सवार हैं, जिनमें आठ यूक्रेनी और 13 फिलिपीनी हैं। मौजूदा निगरानी वाले ऑपरेशन्स में होर्मुज स्ट्रेट को पार करने वाला 'सिमी' 11वां एलपीजी टैंकर था। अधिकारियों के मुताबिक, डीजी शिपिंग और विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम- प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच करीबी तालमेल से इतनी सुरक्षा मुमकिन हो पाई। ये जहाज ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बना हुआ है। पिछले कुछ महीनों में भारत का कच्चा तेल भंडार तेजी से घटा है। भंडार में लगभग 15% की गिरावट आई है। कमोडिटी एनालिटिक्स फर्म Kpler के आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल कच्चा तेल भंडार फरवरी के अंत में दर्ज 107 मिलियन बैरल से घटकर 91 मिलियन बैरल रह गया है। यह वही समय था जब संघर्ष शुरू हुआ था। इस भंडार में पेट्रोलियम भंडार, रिफाइनरी होल्डिंग्स और वाणिज्यिक भंडारण शामिल हैं, लेकिन पाइपलाइन स्टॉक शामिल नहीं हैं।

## मध्य प्रदेश के रतलाम के पास राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** आज सुबह मध्य प्रदेश के रतलाम में दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के एक एसी कोच में भीषण आग लग गई। यह घटना ट्रेन नंबर 12431 तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में हुई, जो ट्रेन के पिछले हिस्से के पास था। आग लगने की सूचना लूणी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच मिली।

### सभी यात्री और कर्मचारी सुरक्षित

राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी भी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई है। जैसे ही आग की खबर मिली, रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और प्रभावित कोच के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से ट्रेन से नीचे उतार लिया।

घटना के तुरंत बाद ओएचई यानी बिजली की सप्लाई काट दी गई। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग को फैलने से रोकने के लिए प्रभावित बी-1 कोच को ट्रेन के बाकी हिस्से से अलग कर दिया गया। इस घटना के कारण ट्रेन नंबर 12955 को महिदपुर रोड स्टेशन पर रोक दिया गया। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर सौरभ जैन ने बताया, 'आज सुबह करीब 5.15 बजे तिरुवनंतपुरम से निजामुद्दीन जा रही राजधानी एक्सप्रेस के पिछले हिस्से और बी-1 कोच में आग लगने की सूचना मिली। कर्मचारियों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और कोच को ट्रेन से अलग किया। फायर ब्रिगेड, राज्य प्रशासन और रेलवे के अधिकारी मौके पर काम कर रहे हैं। तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और एम्बुलेंस वहां मौजूद हैं और आग पर लगभग पूरी तरह काबू पा लिया गया है।' सौरभ जैन ने आगे बताया कि कोटा से अतिरिक्त कोच मंगाए जा रहे हैं। ट्रेन के बाकी हिस्से को 30 से 45 मिनट के भीतर आगे के लिए रवाना कर दिया जाएगा, जिसके बाद रेलवे ट्रैक को पूरी तरह ठीक करने का काम शुरू होगा।

## तमिलनाडु सीएम विजय से जलन की अफवाहों पर रजनीकांत ने लगाया पूर्ण विराम

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**तमिलनाडु।** सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को उन चचाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि उन्हें तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय से जलन है। चेन्नई के पोएस गार्डन स्थित अपने घर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रजनीकांत ने साफ किया कि हाल ही में डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन के साथ उनकी मुलाकात सिर्फ एक दोस्ती के नाते हुई थी और उसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं था। उन्होंने अफवाहों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन से मिलना, विजय के मुख्यमंत्री बनने के रास्ते में रुकावट डालना या पार्टियों को आपस में जोड़ना नहीं था।

टीवीके के संस्थापक और मुख्यमंत्री विजय के प्रति किसी भी तरह की कड़वाहट से इनकार करते हुए जेलर स्टार रजनीकांत ने कहा कि उनके और नए मुख्यमंत्री के बीच उम्र का 25 साल का बड़ा अंतर है। उन्होंने विजय की कम उम्र में मिली बड़ी सफलताओं की तारीफ की। रजनीकांत ने कहा कि विजय ने इतनी छोटी उम्र में जो हासिल किया है, वह सिनेमा और राजनीति के दिग्गज नेता एमजीआर और एनटीआर की उपलब्धियों से भी कहीं बढ़कर है। आपको बता दें कि एमजीआर और एनटीआर अपने समय में क्रमशः तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।

रजनीकांत ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा, 'मैंने विजय को बचपन से देखा है। अगर वे मुख्यमंत्री बन गए हैं, तो मुझे उनसे जलन क्यों होगी? वे महज 52 साल की उम्र में इतने ऊंचे पद पर पहुंच गए हैं और उन्होंने एमजीआर और एनटीआर से भी ज्यादा हासिल कर लिया है। मुझे उनसे जरा भी ईर्ष्या नहीं है।'

## लखनऊ में हाई कोर्ट के आदेश पर बुलडोजर एक्शन, वकीलों के 200 अवैध चैंबर ध्वस्त

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** आज रविवार सुबह नौ बजे से लखनऊ के कैसरबाग इलाके में स्थित पुराने हाईकोर्ट भवन के चारों तरफ बने अवैध कब्जों को हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की गई। इस कार्रवाई का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में वकील इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करने लगे, जिन्हें मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने खदेड़ दिया। वकीलों की तरफ से किसी भी बड़े विरोध या हंगामे से निपटने के लिए प्रशासन ने पहले से ही पर्याप्त पुलिस बल का पुख्ता इंतजाम किया हुआ था।

### हाईकोर्ट के सख्त आदेश पर एक्शन

यह पूरी कार्रवाई हाईकोर्ट के सख्त आदेश पर की जा रही है। हटाए जा रहे इन अवैध कब्जों में सबसे ज्यादा संख्या खुद वकीलों के अवैध चैंबरों की ही है। शुरूआत में नगर निगम ने कोर्ट को केवल 72 अवैध कब्जाधारियों की सूची सौंपी थी, लेकिन बाद में जब दोबारा सर्वे कराया गया तो अवैध कब्जों की संख्या बढ़कर करीब 200 पाई गई।

सर्वे के अनुसार, पुराने हाईकोर्ट और कचहरी के आसपास के इलाकों में अवैध कब्जे इस प्रकार बांटे गए थे, सुरेंद्र नाथ रोड पर 72 अवैध कब्जे, स्वास्थ्य भवन से कलेक्ट्रेट चौराहा और चकबस्त रोड तक 47 अवैध कब्जे, राजस्व परिषद से स्वास्थ्य भवन तक 25 अवैध कब्जे और नाले के ऊपर 50 से अधिक अवैध चैंबर और दुकानें।

नगर निगम ने इस कार्रवाई से पहले 16 मई तक सभी को कब्जे हटाने का नोटिस दे दिया था और अवैध निर्माण पर लाल निशान भी लगा दिए थे। इस सख्ती को देखते हुए कई वकीलों ने कार्रवाई से पहले ही खुद अपने चैंबरों से जालियां और सामान हटाना शुरू कर दिया था।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की बेंच ने यह आदेश सुनाया है। यह फैसला अधिवक्ता अनुराधा सिंह, अधिवक्ता देवांशी श्रीवास्तव और उनकी माता अरूणिमा श्रीवास्तव द्वारा दायर की गई एक याचिका पर सुनवाई के बाद आया। इस याचिका में शिकायत की गई थी कि कचहरी रोड पर अवैध कब्जों की आड़ में लगातार अराजकता और अव्यवस्था फैल रही है।

## राहुल-प्रियंका और खरगे के खिलाफ लगे पोस्टर, कांग्रेस दफ्तर की दीवार पर लिखा- वायनाड बनेगा अगला अमेठी



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को निशाना बनाने वाले पोस्टर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। ये पोस्टर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ लगाए गए थे। ये पोस्टर वायनाड में जिला कांग्रेस कमेटी (ऊडउ) कार्यालय की दीवारों और उसके पास के इलाकों में लगाए गए थे। कलपेट्टा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि विधायक टी सिद्दीकी ने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी थी। उनकी शिकायत के आधार पर ही मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, ये पोस्टर 13 मई को सामने आए थे। उस समय केरल के अगले मुख्यमंत्री के चुनाव को लेकर असमंजस और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी।

### पोस्टर में क्या?

इन विवादित पोस्टरों में वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को सीधे तौर पर धमकी दी गई थी। पोस्टरों में दावा किया गया कि अगले चुनाव में उन्हें हरा दिया जाएगा। इसके अलावा पोस्टरों में यह चेतावनी भी दी गई कि वायनाड अब अगला अमेठी बनेगा। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इन पोस्टरों के बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत इन्हें दीवारों से हटा दिया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और केरल पुलिस एक्ट की अलग-अलग धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नीट पेपर लीक के नौ गुनहगार: सिस्टम के अंदर से हुआ खेला, स्पेशल क्लास से लेकर करोड़ों के सौदे तक की पूरी कहानी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** देश के लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी नीट यूजी 2026 परीक्षा में एक बार फिर वही हुआ जिसका डर था-पेपर लीक। इस हाई-प्रोफाइल मामले में अब तक नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हाथ जैसे-जैसे इस नेटवर्क के सिंडिकेट तक पहुंच रहे हैं, एक बेहद चौंकाने वाला सच सामने आ रहा है। सच यह कि परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा में बाहर से किसी ने सेंध नहीं लगाई, बल्कि सिस्टम के रखवालों ने ही अंदर से दरवाजे खोल दिए थे।

### मास्टरमाइंड के पास था प्रश्नपत्रों का एक्सेस

सीबीआई की तफ्तीश के केंद्र में दो मुख्य चेहरे हैं, मनीषा गुरुनाथ मंधारे और पीवी कुलकर्णी। मनीषा पुणे की एक सीनियर बॉटनी लेक्चरर हैं और उन्हें इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने उन्हें एक एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। इसी आधिकारिक हैसियत की वजह से प्रश्नपत्रों तक उनकी सीधी पहुंच थी। वहीं, पुणे से गिरफ्तार लातूर के रिटायर्ड केमिस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी भी लंबे समय से एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े हुए थे। इन दोनों ने मिलकर सिस्टम के इसी भरोसे का फायदा उठाया और पेपर को लीक कर दिया।

सीबीआई के अनुसार, यह खेल अप्रैल के आखिरी हफ्ते में ही शुरू हो चुका था। कुलकर्णी ने अपनी सहयोगी मनीषा वाघमारे के साथ मिलकर ऐसे छात्रों को जोड़ना शुरू किया जो इसके लिए मोटी रकम दे सकें। अब आप सोच रहे होंगे यह दूसरी मनीषा कौन है? मनीषा वाघमारे पुणे में एक ब्यूटी सैलून चलाती हैं। इसके बाद पुणे में कुलकर्णी के घर पर चुनिंदा छात्रों के लिए एक 'विशेष कोचिंग क्लास' शुरू हुई। यह कोई साधारण क्लास नहीं थी। यहां छात्रों को न तो कोई कॉन्सेप्ट समझाया जा रहा था और न ही कोई थ्योरी पढ़ाई जा रही थी। यहां सीधे नीट परीक्षा के सवाल, उनके विकल्प और सही जवाब बताए जा रहे थे। छात्र चुपचाप इन्हें अपनी कॉपियों में नोट कर रहे थे। जब सीबीआई ने इन छात्रों की नोटबुक्स जब्त कीं, तो जांच अधिकारी भी हैरान रह गए। तीन मई को आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा के असली प्रश्नपत्र से ये सवाल हूबहू मैच कर रहे थे।

### लातूर के एक मॉक टेस्ट से खुला पूरा राज

इस पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ महाराष्ट्र के लातूर में हुआ। वहां एक कोचिंग संस्थान के मॉक टेस्ट में अचानक 42 ऐसे सवाल पूछ लिए गए, जो ठीक दो दिन बाद होने वाली नीट परीक्षा के असली पेपर में आने वाले थे। जब परीक्षा के दिन असली पेपर सामने आया, तो कुछ जागरूक अभिभावकों के कान खड़े हो गए।

### गिरफ्तार किए गए नौ आरोपियों की कुंडली

**मनीषा गुरुनाथ मंधारे :** पुणे की सीनियर बॉटनी लेक्चरर और एनटीए एक्सपर्ट, जिन्हें साजिश का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

**प्रो. पीवी कुलकर्णी :** लातूर के रिटायर्ड केमिस्ट्री प्रोफेसर और मुख्य सूत्रधार, जिनकी प्रश्न पत्र पैनल तक पहुंच थी।

**मनीषा वाघमारे :** पुणे की ब्यूटी सैलून मालकिन, जो उम्मीदवारों को जुटाने और सीक्रेट क्लास मैनेज करने में सहयोगी थीं।

**मांगीलाल बीवाल :** जयपुर का निवासी, जिस पर लीक पेपर हासिल करने और उसे आगे बांटने का आरोप है।

**विकास बीवाल :** मांगीलाल का बेटा और मेडिकल छात्र, जिसने इस अवैध काम को अंजाम देने में मदद की।

**दिनेश बीवाल :** मांगीलाल का भाई, जो इस पूरे खेल के वित्तीय लेन-देन को संभाल रहा था।

**यश यादव :** गुरुग्राम का रहने वाला मुख्य बिचौलिया, जिसने लीक प्रश्न पत्र बीवाल परिवार तक पहुंचाया।

**शुभम खैरनार :** नासिक का निवासी, जिस पर सबसे पहले लीक या गेस प्रश्न पत्र को बाजार में फैलाने का शक है।

**धनंजय लोखंडे :** अहिल्यानगर का आयुर्वेद डॉक्टर, जिसे इस मामले में संलिप्तता के बाद हिरासत में लिया गया।

सीबीआई अब प्रो कुलकर्णी के पुराने रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है। जांच एजेंसी को अंदेशा है कि इस सिंडिकेट का हाथ नीट 2024 के पेपर लीक और अन्य बड़ी राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से भी जुड़ा हो सकता है।

## संपादक की कलम से

# सब कुछ जनता ही सहे, राजा तो केवल राज करे



ललित शर्मा
संपादक

देश और दुनिया में कुछ भी हो जाए, सबसे पहले सहने या दोषी ठहराए जाने के लिए जनता का ही नाम लिया जाता है। किसी भी बात के गलत होने के पीछे आखिरकार कारण भी जनता को ही बताया जाता है और सहने वाली भी जनता ही होती है। तंत्र और राजा तो केवल राज करने, आदेश देने और भोली जनता से उनका अंधाधुंध पालन करवाने के लिए होते हैं। लोगों की आदतों के कारण समस्याएं आई हैं, ऐसा साबित कर देना और फिर दो-चार कानून दिखा देना, बस लोग डर के मारे सब लागू करने लगते हैं और सब कुछ आसानी से पार हो जाता है। स्वयं को ही दोषी मानने वाली जनता खुद ही पीड़ित बन जाती है और सरकार तथा तंत्र उसका आनंद लेते हैं। फिलहाल देश में जो कुछ भी हो रहा है, उसमें सब कुछ छोड़ने, सब कुछ सहने या यूं कहें कि जो भी करना है, वह जनता को ही करना है। देश जितनी बार मुश्किल में आता है, उतनी बार जनता को एकजुट होकर मेहनत करके उसे बाहर निकालना पड़ता है। सरकार और तंत्र तो जैसे उसके लिए हैं ही नहीं। अभी यदि नजर डालें तो क्लाइमेट चेंज की समस्या है, प्रदूषण बढ़ रहा है, क्योंकि लोग बेहिसाब वाहन उपयोग करते हैं, उनकी फैक्ट्रियों से धुआं निकलता है। पानी की बबार्दी भी जनता ही करती है, जगह-जगह कचरा भी लोग ही फैलाते हैं। औसतन यही साबित किया जाता है कि यदि लोग अच्छी आदतें अपनाएंगे तो सब कुछ सुधर जाएगा। गांवों की अशिक्षित भोली जनता से लेकर महानगरों की अत्यधिक पढ़ी-लिखी मूर्ख जनता तक इस बात को स्वीकार कर लेती है और सरकार के आदेशों का पालन करती है। पानी के नल बंद रखो, प्लास्टिक का उपयोग मत करो, पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग करो, वर्क फ्रॉम होम करो, विदेश मत जाओ, सोना मत खरीदो, साइकिल चलाओ, ईवी का उपयोग करो, कचरा मत जलाओ जैसी अनेक सलाहें और निर्देश जनता के लिए जारी किए जाते हैं। जनता उनका पालन करती है। व्यक्तिगत संयम से हर समस्या का समाधान नहीं आता। तंत्र और सरकार जिस तरह काम करते हैं, जिस तरह की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं, उससे अधिक नुकसान हो रहा है, लेकिन उसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता और जनता आवाज उठाने में विश्वास नहीं करती। कोरोना के समय कितने ही लोगों को जांच, वैक्सीन और इलाज के लिए लाइनों में खड़ा कर दिया गया। छह फुट की दूरी रखने को कहा गया। लोगों को वर्क फ्रॉम होम दे दिया गया, हजारों लोगों की नौकरियां चली गईं, लाखों गरीब और मजदूर विस्थापित हो गए। एक भी नेता, एक भी अधिकारी या तंत्र से जुड़ी किसी भी व्यक्ति को समस्या हुई हो, दवाइयों के अभाव में उसकी मृत्यु हुई हो, आक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ा हो, ऐसा कहीं नहीं हुआ। यह सब केवल जनता के साथ हुआ, क्योंकि सरकार के अनुसार वे व्यवस्था का पालन नहीं करते। नोटबंदी के समय लाखों लोग रोज सुबह से बैंकों के बाहर लाइनों में खड़े हो जाते थे। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद केवल दो हजार या चार हजार रुपए मिलते थे। एक भी नेता, अधिकारी या तंत्र से जुड़ा व्यक्ति इस दौरान कहीं लाइन में खड़ा दिखाई दिया था क्या? हां, जब घोषणाएं होती हैं, तो शुरूआती दिनों में फोटो खिंचवाने, मीडिया में तस्वीरें और सोशल मीडिया पर वीडियो चलाने के लिए नेता और अधिकारी दौड़ते हुए जरूर पहुंच जाते हैं। एक बार उनकी प्रसिद्धि हो जाए तो काम पूरा। जनता का जो होना हो, होता रहे। जनता यह समझती ही नहीं।

# ट्रंप की चीन यात्रा: बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले



तनवीर जाफरी
लेखक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाकात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। खासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा था। दुनिया की नजरें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्राँस,ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्खियों में रहते हैं, आखिर चीन में उनकी भाषा,रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल,जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाकातें , और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है।

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत 'डायरी' के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। 'निजी ताक-झांक' की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को 'पलायन' या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बॉडी लैंग्वेज ' पर भी नजर रखी।

राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन



यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए जिनमें इस यात्रा को 'ऐतिहासिक' और 'सफल' बताया गया।

ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास में दो महान शक्तियों (G 2) की ऐतिहासिक मुलाकात के रूप में याद किया जाएगा।उन्होंने इस मुलाकात को अविस्मरणीय भी कहा। उन्होंने बताया कि यह 'दो महान देशों' के नेताओं की मुलाकात थी । चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को 'तुरंत खोलना' जरूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई जिक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को 'सौदेबाजी की सफलता' और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया।

उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी 'रेड लाइन' को दोहराया और खासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना 'अविभाज्य हिस्सा' बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताकतों के बीच 'टकराव और यहां तक कि संघर्ष' को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज में स्पष्ट शब्दों में जोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का 'आंतरिक मामला' है और किसी बाहरी ताकत को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, 'अगर इसे सही तरीके से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं।' संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में 'टकराव और संघर्ष' की बात कही हो।

चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आजादी का ऐलान करने के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि 'मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि 'सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे।' गौरतलब है कि जो अमेरिका कानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। और वो ये भी कहता रहता है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग से उसे अपने अधीन कर सकता है।

चीन ने ईरान युद्ध को लेकर भी अमेरिकी रुख का समर्थन करने के बजाये इसे इस तरह की लड़ाई बताया जो 'मूल रूप से होनी ही नहीं चाहिए थी' गोया अमेरिका-इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध। चीन ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्द समाधान की जरूरत पर भी जोर दिया। व्यापारिक स्तर पर भी ट्रंप को उतनी बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई जितनी उम्मीद की जा रही थी। क्योंकि उनके साथ एलन मस्क,टिम कुक,जेन्सेन हुआंग,संजय मेहरोत्रा,केली ऑर्टबर्ग जैसे विश्व के 17 प्रमुख अमेरिकी उद्योगपति और कॉर्पोरेट अधिकारी बीजिंग गए थे। कुल मिलाकर ट्रंप को बीजिंग से जहां ताइवान को लेकर चेतावनी मिली वहीं ईरान मामले को लेकर भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका। ट्रंप की इस यात्रा के लिये बस यही कहा जा सकता है कि 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले'।

# उच्च जेईई स्कोर के बावजूद क्यों टूट रहे हैं आईआईटी के सपने?



डॉ विजय गर्ग
लेखक

भारत में हर साल लाखों छात्र एक ही सपना लेकर आगे बढ़ते हैं – आईआईटी में प्रवेश। यह सपना केवल किसी कॉलेज में दाखिला लेने का नहीं होता, बल्कि परिवार की उम्मीदों, वर्षों की मेहनत, कोचिंग के दबाव और भविष्य की पहचान से जुड़ा होता है। लेकिन वर्ष 2026 में सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणामों ने हजारों साइंस छात्रों के सामने ऐसा संकट खड़ा कर दिया, जिसने उनके आईआईटी के सपनों को अचानक अधर में लटका दिया।

कई ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन में 95, 98 यहाँ तक कि 99 पर्सेंटाइल तक हासिल किए, वे सीबीएसई बोर्ड में 75% के अनिवार्य मानदंड से नीचे रह गए। इसका सीधा अर्थ था – चाहे उन्होंने कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया हो, फिर भी वे आईआईटी प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित हो सकते हैं।

### एक परीक्षा ने दूसरी मेहनत को क्यों नकार दिया?

भारतीय शिक्षा व्यवस्था में यह एक विचित्र स्थिति है कि जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा में सफलता पाने वाला छात्र बोर्ड परीक्षा के प्रतिशत के कारण पीछे छूट सकता है। इस वर्ष हजारों छात्रों ने दावा किया कि उनके बोर्ड परिणाम उनकी वास्तविक तैयारी और प्रदर्शन से मेल नहीं खाते।

कई छात्रों का कहना था कि उन्होंने पूरे वर्ष स्कूल टेस्ट, प्री-बोर्ड और कोचिंग परीक्षाओं में लगातार अच्छे अंक प्राप्त किए थे। लेकिन अंतिम परिणाम में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स जैसे विषयों में अपेक्षा से 20-30 अंक तक कम मिले। इससे छात्रों और अभिभावकों में गहरा अविश्वास पैदा हुआ।

### ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम बना विवाद का केंद्र

सीबीएसई ने इस वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (डरट) प्रणाली को बड़े स्तर पर लागू किया। बोर्ड का दावा था कि इससे मूल्यांकन अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित होगा।

लेकिन परिणाम आने के बाद कई छात्रों और शिक्षकों ने इस प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। आरोप लगे कि: स्कैनिंग के दौरान कुछ उत्तर छूट गए। डायग्राम या मार्जिन में लिखे उत्तर दिखाई नहीं दिए। स्टेप मार्किंग कम दी गई।

डिजिटल स्क्रीन पर कॉपी जांचने से मानवीय समझ कम हो गई। विभिन्न परीक्षकों के बीच अंक देने में असमानता रही। कुछ छात्रों ने यह तक



कहा कि वे जेईई मेन में 99 पर्सेंटाइल लाए, लेकिन बोर्ड में 75% से नीचे रह गए। यह विरोधाभास पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया।

### 75% नियम: प्रतिभा या प्रतिशत?

आईआईटी प्रवेश के लिए केवल जेईई एडवांस्ड में अच्छा रैंक पर्याप्त नहीं होता। सामान्य वर्ग के छात्रों को कक्षा 12वीं में कम से कम 75% अंक भी चाहिए।

यही नियम इस वर्ष हजारों छात्रों के लिए सबसे बड़ी बाधा बन गया। कई छात्रों ने कहा कि यदि वे जेईई जैसी परीक्षा पास कर सकते हैं, तो केवल बोर्ड प्रतिशत के कारण उन्हें बाहर करना न्यायसंगत नहीं लगता। शिक्षा विशेषज्ञों ने भी सवाल उठाया कि क्या बोर्ड परीक्षा वास्तव में इंजीनियरिंग क्षमता का सही पैमाना है?

### मानसिक दबाव और टूटते हुए छात्र

साइंस स्ट्रीम के छात्रों पर पहले से ही भारी मानसिक दबाव होता है। सुबह स्कूल, शाम को कोचिंग और रात तक सेल्फ-स्टडी – यही उनकी दिनचर्या बन जाती है। कई छात्र नींद, सामाजिक जीवन और मानसिक शांति तक खो देते हैं।

जब ऐसे छात्रों को अचानक उम्मीद से कम अंक मिलते हैं, तो उनका आत्मविश्वास टूट जाता है। सोशल मीडिया पर हजारों छात्रों ने अपनी निराशा व्यक्त की। कई पोस्टों में छात्रों ने लिखा कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि दो वर्षों की मेहनत आखिर कहाँ कम पड़ गई।

यह केवल अंक कम आने की समस्या नहीं है; यह उस भावनात्मक टूटन की कहानी है जिसमें छात्र स्वयं को असफल मानने लगते हैं, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल होती है।

### बोर्ड बनाम प्रतियोगी परीक्षा: दो अलग दुनिया

विशेषज्ञ लंबे समय से कहते रहे हैं कि बोर्ड परीक्षा और जेईई की तैयारी का तरीका अलग होता है। जेईई अवधारणात्मक समझ और समस्या समाधान क्षमता को परखता है, जबकि बोर्ड परीक्षा अक्सर प्रस्तुति, लिखने की शैली और निर्धारित प्रारूप पर अधिक निर्भर करती है।

यही कारण है कि कुछ छात्र जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लेते हैं लेकिन बोर्ड में अपेक्षित प्रतिशत नहीं ला पाते। एक छात्र ने कहा कि 'जेईई मेरी समझ को सही बताता है, लेकिन बोर्ड के अंक कुछ और कहानी कहते हैं।'

### क्या शिक्षा व्यवस्था संतुलित है?

यह पूरा विवाद भारतीय शिक्षा प्रणाली के सामने कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े करता है: क्या एक ही छात्र की क्षमता दो परीक्षाओं में इतनी अलग दिखाई दे सकती है? क्या बोर्ड प्रतिशत को आईआईटी प्रवेश के लिए अनिवार्य रखना उचित है?

क्या डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली पूरी तरह तैयार थी क्या छात्रों को पुनर्मूल्यांकन का तेज और पारदर्शी अवसर मिलना चाहिए? इन सवालों का उत्तर केवल छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि देश की भविष्य की शिक्षा नीति के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका

ऐसे समय में छात्रों को सबसे अधिक आवश्यकता भावनात्मक समर्थन की होती है। कई टॉपर्स ने भी स्वीकार किया कि बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान वे मानसिक थकान और तनाव से गुजरे। अभिभावकों और शिक्षकों को यह समझना होगा कि एक परीक्षा का परिणाम किसी बच्चे की पूरी क्षमता तय नहीं करता। प्रतिशत जीवन का अंतिम सत्य नहीं है।

### आगे का रास्ता

इस विवाद के बाद बड़ी संख्या में छात्रों ने री-इवैल्यूएशन और उत्तर पुस्तिकाओं की कॉपी मांगी है। सीबीएसई ने पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया उपलब्ध कराई है, लेकिन छात्रों का कहना है कि समय बहुत कम है क्योंकि जेईई एडवांस्ड और काउंसलिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

शिक्षा विशेषज्ञ सुझाव दे रहे हैं कि: बोर्ड मूल्यांकन प्रणाली की स्वतंत्र जांच हो, डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया को बेहतर बनाया जाए और 75% नियम पर पुनर्विचार किया जाए।

### निष्कर्ष

'सीबीएसई XIIवीं: साइंस के छात्रों को नुकसान, आईआईटी के सपने बिखरे' केवल एक समाचार शीर्षक नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों की वास्तविक पीड़ा है। यह उन छात्रों की कहानी है जिन्होंने वर्षों तक मेहनत की, लेकिन एक परिणाम ने उनके आत्मविश्वास और भविष्य दोनों को हिला दिया।

भारत को ऐसी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जो छात्रों की वास्तविक क्षमता को पहचाने, न कि केवल प्रतिशत के आधार पर उनके सपनों का निर्णय करे। क्योंकि कभी-कभी एक छात्र के कम अंक उसके कम ज्ञान का नहीं, बल्कि एक त्रुटिपूर्ण व्यवस्था का परिणाम भी हो सकते हैं।



नन्हा बच्चा
डॉ. प्रियंका सौरभ
कविता

नन्हा बच्चा खेल रहा,
हँस-हँस कर वो झूम रहा,
लाल पैंट और प्यारी शर्ट,
सबको कितना भा रहा।
नन्हा बच्चा खेल रहा,
हँस-हँस कर वो झूम रहा।

छोटे-छोटे हाथ फैलाए,
प्यारी बातें सबको भाए,
नीले कालीन पर लेटकर,
मस्ती में वो मुस्काए।
सबके दिल को खुश कर जाए,
देखो कितना प्यारा भाए,
नन्हा बच्चा खेल रहा,
हँस-हँस कर वो झूम रहा।

मम्मी-पापा का है दुलारा,
घर का चमकता सितारा,
हँसी उसकी मीठी-मीठी,
लगता सबसे न्यारा।
सब मिल उसको प्यार जताओ,
साथ में उसके खेलते जाओ,
नन्हा बच्चा खेल रहा,
हँस-हँस कर वो झूम रहा।

# रोटी से बड़ी होती जा रही राजनीति: एक सभ्यता के टूटने की चेतावनी



एन0के0शर्मा
लेखक

रोटी से बड़ी होती जा रही राजनीति'– यह केवल समय का एक तीखा वाक्य नहीं, बल्कि उस मौन त्रासदी का बयान है, जो धीरे-धीरे हमारे समाज की आत्मा को खोखला कर रही है। यह बदलाव अचानक नहीं आया; यह वर्षों की उस प्रक्रिया का परिणाम है जिसमें जीवन के मूल प्रश्नों को धीरे-धीरे हाशिए पर धकेल दिया गया और उनकी जगह ऐसे मुद्दों ने ले ली, जो मन को तो उत्तेजित करते हैं, पर जीवन को स्थिर नहीं बनाते। रोटी, जो कभी अस्तित्व का केंद्र थी, आज विमर्श का किनारा बनती जा रही है, और राजनीति, जो कभी साधन थी, अब उद्देश्य बन बैठी है। जब किसी सभ्यता में 'अन्न' का स्थान सर्वोच्च होता है, तो वहाँ श्रम का सम्मान होता है, संवेदनशीलता जीवित रहती है और समाज के भीतर एक प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। भारतीय परंपरा में अन्न को केवल पोषण का साधन नहीं, बल्कि सृष्टि के चक्र का मूल माना गया। किसान के पसीने को पवित्र समझा गया, और भोजन को साझा करना एक सामाजिक धर्म था। यह वह व्यवस्था थी जिसमें राजनीति का अस्तित्व तो था, पर वह जीवन के इस मूल आधार के संरक्षण के लिए थी, न कि उसे नियंत्रित करने के लिए। लेकिन आज यह संतुलन उलट चुका है। अब रोटी राजनीति के अधीन है, और यह अधीनता केवल आर्थिक असमानता का प्रश्न नहीं है; यह उस मानसिकता का प्रतीक है जिसमें हम अपनी प्राथमिकताओं को भूलते जा रहे हैं। आज एक व्यक्ति दिनभर की मेहनत के बाद जब घर लौटता है, तो उसके सामने दो तरह की चिंताएँ होती हैं– एक वास्तविक, जो उसकी भूख, उसके परिवार की जरूरतों और उसके भविष्य से जुड़ी है; और दूसरी कृत्रिम, जो उसे लगातार एक ऐसे संघर्ष में उलझाए रखती है, जिसका उसके जीवन की गुणवत्ता से कोई सीधा संबंध नहीं होता। धीरे-धीरे यह कृत्रिम संघर्ष इतना प्रभावशाली बना दिया जाता है कि वह वास्तविक संघर्ष को ढक लेता है। यह प्रक्रिया बहुत सूक्ष्म है, पर इसके परिणाम अत्यंत गंभीर हैं। जब एक समाज अपनी ऊर्जा उन मुद्दों पर खर्च करने लगता है, जो उसके अस्तित्व से सीधे जुड़े नहीं हैं, तो वह अपनी शक्ति को स्वयं ही क्षीण करने लगता है। आज हम देख सकते हैं कि लोग अपनी आर्थिक कठिनाइयों पर उतनी तीव्रता से चर्चा नहीं करते, जितनी तीव्रता से वे राजनीतिक बहसों में शामिल होते हैं। यह केवल प्राथमिकताओं का बदलाव नहीं, बल्कि चेतना का विचलन है। यह वह स्थिति है जहाँ व्यक्ति अपनी पीड़ा को पहचानना तो दूर, उसे व्यक्त करना भी भूलने लगता है। राजनीति का यह विस्तार केवल सार्वजनिक जीवन तक सीमित नहीं रहा; उसने निजी जीवन में भी गहरी पैठ बना ली है। अब यह केवल चुनावों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि रिश्तों, संवादों और यहाँ तक कि भावनाओं को भी प्रभावित करने लगी है। परिवारों में मतभेद अब सामान्य असहमति नहीं रह गए, बल्कि वैचारिक टकराव का रूप लेने लगे हैं। मित्रता, जो कभी व्यक्तिगत विश्वास पर आधारित होती थी, अब विचारधाराओं की कसौटी पर तौली जाने लगी है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि राजनीति अब केवल एक बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि एक आंतरिक प्रवृत्ति बनती जा रही है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे चिंताजनक भूमिका उस तंत्र की है, जो समाज के विमर्श को दिशा देता है। जब जनसंचार के माध्यम उन मुद्दों को प्राथमिकता देने लगते हैं, जो अधिक उत्तेजना और विभाजन पैदा करते हैं, तो समाज का ध्यान स्वाभाविक रूप से उन्हीं की ओर आकर्षित होता है। परिणामस्वरूप, वे प्रश्न जो वास्तव में जीवन को प्रभावित करते हैं–रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि–धीरे-धीरे पृष्ठभूमि में चले जाते हैं। यह केवल सूचना का संकट नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता का ह्रास है।

इतिहास हमें बार-बार यह सिखाता है कि जब किसी समाज में मूलभूत आवश्यकताओं की अनदेखी होती है, तो उसका परिणाम केवल आर्थिक संकट नहीं होता, बल्कि एक व्यापक सामाजिक विघटन होता है। यह विघटन धीरे-धीरे शुरू होता है–पहले असंतोष बढ़ता है, फिर विश्वास टूटता है, और अंततः वह संरचना ही कमजोर हो जाती है, जिस पर समाज टिका होता है। यह प्रक्रिया इतनी धीमी होती है कि जब तक उसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, तब तक बहुत कुछ खो चुका होता है। आज हम उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ यह निर्णय करना आवश्यक हो गया है कि हमारी प्राथमिकताएँ क्या हैं। क्या हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, जहाँ बहसें तो बहुत हों, पर समाधान कम; जहाँ पहचान की राजनीति इतनी प्रभावशाली हो जाए कि वह व्यक्ति की वास्तविक समस्याओं को ही निगल जाए; या फिर हम उस संतुलन को पुनः स्थापित करना चाहते हैं, जिसमें रोटी, श्रम और जीवन की गरिमा को सर्वोच्च स्थान मिले। यह प्रश्न केवल सरकारों या नीतियों का नहीं है; यह हर उस व्यक्ति का है, जो इस समाज का हिस्सा है। परिवर्तन तब शुरू होता है जब व्यक्ति अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। जब वह यह समझता है कि उसकी सबसे बड़ी आवश्यकता क्या है, और वह किस दिशा में अपनी ऊर्जा का निवेश करना चाहता है। यह समझ ही वह आधार है, जिस पर एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। रोटी को फिर से केंद्र में लाना केवल आर्थिक सुधार का प्रयास नहीं, बल्कि एक गहरी सांस्कृतिक पुनर्स्थापना है। यह उस मूल भावना को पुनर्जीवित करने का प्रयास है, जिसमें जीवन की सरलता, श्रम का सम्मान और समाज की एकता को महत्व दिया जाता था। जब यह भावना पुनः स्थापित होती है, तो राजनीति अपने आप अपने सीमित और संतुलित स्वरूप में लौट आती है। यदि हम इस चेतावनी को अनदेखा करते हैं, तो आने वाला समय केवल कठिनाइयों का नहीं, बल्कि उस विघटन का साक्षी बनेगा, जिसमें समाज अपनी ही बनाई हुई उलझनों में फँसता चला जाएगा। और तब यह समझना भी कठिन हो जाएगा कि हमने अपनी सबसे बड़ी शक्ति–अपनी सरलता, अपनी संवेदनशीलता और अपनी प्राथमिकताओं की स्पष्टता–कब और कैसे खो दी। इसलिए यह समय केवल चिंता का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। यह समय है यह तय करने का कि हम किस प्रकार की सभ्यता का निर्माण करना चाहते हैं– एक ऐसी सभ्यता, जहाँ रोटी राजनीति के नीचे दब जाए, या वह जहाँ राजनीति रोटी की सेवा में खड़ी हो। क्योंकि अंततः किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसकी बहसों से नहीं, बल्कि उसके सबसे कमजोर व्यक्ति की थाली से तय होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मा. केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद व राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए स्मार्टफोन

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** सरकार के कामों में पारदर्शिता को लेकर कभी दो राय नहीं रही, सरकार ने जो कहा वह कर दिखाया बाल विकास विभाग में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की गई थी प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए मोबाइल खरीदना और अच्छी गुणवत्ता के साथ खरीदना एक बहुत बड़ा मिशन था।

मगर सरकार ने अपने अन्य मिशन की भांति ही यह मिशन भी पूरी सफलता के साथ पूर्ण कर लिया और इस मिशन की कामयाबी का नतीजा यह निकला कि आज जिले की



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन से नवाजा गया।

सरकार की बड़ी जिम्मेदारियां को निभाने वाले पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय सरकार के राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी जितिन प्रसाद व राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें ने एक बार फिर इस स्मार्टफोन वितरण की बड़ी जिम्मेदारी को निभाया और अपने कर कमलों से जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान अवगत कराया गया कि मोबाइल की गुणवत्ता की बात की जाए तो गुणवत्ता आपको इस मोबाइल में 5G नेटवर्क के साथ एक बेहतरीन कैमरा उपलब्ध कराया गया है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी पोषण ट्रैकर से लेकर अन्य ऑनलाइन सेवाओं का काम आसानी से निपटा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि अब कार्यत्रियों को विभिन्न शासकीय कार्यों कार्यक्रमों में के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने में किसी का मुंह नहीं देखना होगा अपना मोबाइल उठाया और कार्यक्रम की फोटो सेकेंडों में परियोजना से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगी। जनपद में कुल 1985 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को मोबाइल प्राप्त कराए जाने है जिसमें से कार्यक्रम में प्रत्येक परियोजना से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुलाकर कार्यक्रम में मोबाइल वितरण किया गया साथ ही मोबाइल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय/ राज्यमंत्री जितिन प्रसाद जी एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा मंच पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सावित्री देवी, पूनम, चंद्र देवी, राजेश्वरी देवी, ममता देवी, सावित्री, मंजू जैन, सविता, संगीता, ममता और मुख्य सेविका रुचि को अपने हाथों से मोबाइल प्राप्त कराया गया।

मोबाइल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के साथ राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, नवागत मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी सहित अन्य पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## नहर में शव उतराता देख ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत के अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधरी में रविवार को अमरिया-परेवा ब्रांच नहर में एक बुजुर्ग का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर अमरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस की शुरूआती जांच और ग्रामीणों के सहयोग से मृतक की पहचान कस्बा अमरिया के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी हबीब के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल पर ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि बुजुर्ग नहर में कैसे गिरे, इसकी पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## गांधी स्टेडियम में आंगनवाड़ी कार्यकताओं को बांटे गए स्मार्टफोन

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल सशक्तिकरण के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय गांधी स्टेडियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए उन्हें स्मार्टफोन वितरित किए गए।इस कार्यक्रम की सबसे खास बात भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का सादगी भरा अंदाज रहा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनसेवा और सादगी के दिए गए मंत्र का अनुसरण करते हुए जिलाध्यक्ष गांधी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पैदल ही पहुंचे। उनके इस व्यवहार की वहां मौजूद कार्यकताओं और जनता ने काफी सराहना की। स्मार्टफोन वितरण का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों के कामकाज को



डिजिटल बनाना और सरकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग को अधिक पारदर्शी बनाना है। वहीं अब आंगनवाड़ी केंद्रों का डेटा कागजों के बजाय सीधे पोर्टल पर फीड होगा।,स्मार्टफोन के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की ट्रैकिंग आसान हो जाएगी। सरकारी निर्देशों और नई योजनाओं की जानकारी सीधे कार्यकत्रियों तक पहुंच सकेगी। इस कार्यक्रम के दौरान गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें तकनीक से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये स्मार्टफोन उनके कार्यों में सुगमता लाएंगे और सरकारी सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु का काम करेंगे।

## राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने नदी के कटाव प्रभावित क्षेत्र तथा ब्रह्मचारी घाट का किया स्थलीय निरीक्षण



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** आज क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उड्डप्रड्ड संजय सिंह गंगवार द्वारा जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के साथ बाढ़ की संभावित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नौकुंड एवं बेरीखेड़ा गांव में नदी के कटाव प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नदी के कटाव से गांवों को सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कटाव से प्रभावित स्थलों का स्थलीय अवलोकन करते हुए संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाढ़ व कटाव से बचाव हेतु सभी आवश्यक उपाय समय रहते किए जाएंगे। इसके उपरांत राज्यमंत्री जी द्वारा ब्रह्मचारी घाट का भी निरीक्षण किया गया। घाट क्षेत्र की स्थिति, नदी के जलस्तर एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को घाट निर्माण एवं सौंदर्यकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पीलीभीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीलीभीत में बसपा से शाने अली का मोहभंग, अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद सपा में वापसी की चर्चाएं तेज

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा चुनाव की सियासी बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में पीलीभीत की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मरहूम हाजी रियाज अहमद के बेटे शाने अली का बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से मोहभंग होता नजर आ रहा है। हाल ही में लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में शाने अली की सपा में घर वापसी की अटकलें बेहद तेज हो गई हैं। दरअसल, सपा सरकार में कई बार मंत्री रहे हाजी रियाज अहमद का कोरोना काल में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद अपनी पिता की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए उनके बेटे शाने अली मैदान में उतरे। हालांकि, साल 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इससे नाराज होकर



शाने अली ने बसपा का दामन थाम लिया और हाथी के सिंबल पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। अब जब 2027 का चुनाव नजदीक आ रहा है, शाने अली एक बार फिर पॉलिटिकल एक्टिव नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने लखनऊ में सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद वह पार्टी कार्यालय पर अखिलेश यादव के ठीक पीछे की पंक्ति में बैठे दिखाई दिए। इस बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीलीभीत से लेकर लखनऊ तक चर्चा गरम है कि शाने अली जल्द ही औपचारिक रूप से सपा का दामन थाम सकते हैं। इन चचाओं और सपा में शामिल होने की अटकलें पर खुद शाने अली ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी हमारे अभिभावक हैं। हम उनसे उनके परिवार में हुई क्षति पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। जहां तक राजनीति की बात है, तो आगे की राजनीति में निश्चित ही बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

## आभा फाउंडेशन द्वारा नारी स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन



नितिन शर्मा

**चांदपुर(वेलकम इंडिया)।** आभा फाउंडेशन द्वारा Fatherson Kids Paradise में विशाल नारी स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 480 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। महिलाओं में शिविर को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला तथा पूरे दिन कैंप में भारी भीड़ बनी रही। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थल पर उचित टेंट, कूलर तथा ठंडे रुहअफजा की व्यवस्था की गई, ताकि महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह विशेष स्वास्थ्य शिविर केवल महिलाओं के लिए आयोजित किया गया।

शिविर में उपस्थित महिलाओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। क्षेत्र में यह शिविर लोगों के बीच आकर्षण और चर्चा का विषय बना रहा तथा लोगों ने आभा फाउंडेशन के इस सामाजिक प्रयास की प्रशंसा की। संस्था की संस्थापिका आभा सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार एवं समृद्ध समाज की आधारशिला होती है।' उन्होंने संस्था के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 24 मई 2026, रविवार को अजदेव खानपुर में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 31 मई 2026, रविवार को फीना में कुकर वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विधवा एवं दिव्यांग महिलाओं को कुकर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## अतुल तोमर हत्याकांड का पिलखुवा पुलिस ने किया खुलासा, एनकाउंटर में तीनों शूटर गिरफ्तार

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में अतुल तोमर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा,एनकाउंटर में तीन शूटर गिरफ्ताए पुलिस ने मौके से एक अर्बन क्रूजर कार और कई हथियार भी बरामद किए हैं।अतुल तोमर की हत्या से पूरे इलाके में काफी आक्रोश था और पुलिस पर लगातार कार्रवाई का दबाब बना हुआ था।हापुड़ में अतुल तोमर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा,एनकाउंटर में तीन शूटर गिरफ्तार।मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपी बदमाश उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में प्रॉपर्टी डीलर और शराब कारोबारी अतुल तोमर हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने पिलखुवा में नेशनल हाईवे से डूहरी जाने वाले मार्ग पर देर रात मुठभेड़ में अतुल तोमर की हत्या करने वाले तीन शूटरों को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया है।पुलिस ने मौके से एक अर्बन क्रूजर कार और कई हथियार भी बरामद किए हैं।अतुल तोमर की हत्या से पूरे इलाके में काफी



आक्रोश था।और पुलिस पर लगातार कार्रवाई का दबाब बना हुआ था। क्या है पूरा मामला दरअसल,बीते छःदिन पूर्व गालंद गांव के पूर्व प्रधान के इकलौते बेटे अतुल तोमर की कार रोककर छाती में गोली मारकर हत्या हुई थी।इस घटना के बाद से ही इलाके में भारी तनाव था और परिजनों ने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग को लेकर अस्पताल में जमकर हंगामा किया था। पुलिस प्रशासन इस मामले को लेकर बेहद गंभीर था और बदमाशों की धरपकड़ के लिए कई टीमें लगातार दबिश दे रही थीं।बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग शनिवार की रात थाना पिलखुवा,हापुड़ नगर पुलिस और जनपदीय स्वाट की संयुक्त टीम नेशनल हाईवे से डूरी जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान एक तेज रफ्तार अर्बन क्रूजर कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो कार सवार बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग झोंक दी।पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें कार सवार तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे वहीं ढेर हो गए। इस क्रॉस फायरिंग में पुलिस के हेड कांस्टेबल संदीप राठी भी गोली लगने से घायल हुए हैं पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।पुलिस रिकॉर्ड तलाशने में जुटी। एएसपी हापुड़ विनीत भटनागर ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान लवकुश (निवासी गालंद),कपिल और गौरव (निवासीगण मसूरी,गाजियाबाद) के रूप में हुई है। पूछताछ में इन तीनों ने अतुल तोमर की गोली मारकर हत्या करने का जुर्म कबूल किया है। बदमाशों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई अर्बन क्रूजर कार,तीन अवैध तमंचे,आठ जिंदा कारतूस और पांच खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस अब इनके पूरे आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है।

## सांसद के आवास पर जोरदार प्रदर्शन



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**धामपुर।** महिला आरक्षण को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने सांसद चंद्रशेखर आजाद के आवास का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया महिलाओं ने नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में नारेबाजी की इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल, जिला अध्यक्ष मोनिका यादव, जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा डॉ शीला राणा, किरन चौहान सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रही।

## अंशकालिक अनुदेशकों का किया गया सम्मान समारोह



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के विकास भवन के सभागार में जनपद में कार्यरत कुल 19 अंशकालिक अनुदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदित हो कि यह सम्मान समारोह अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि होने के फलस्वरुप आयोजित किया गया है। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9000 से बढ़कर 17000 कर दिया गया है इस प्रकार उनके मानदेय में कुल वृद्धि 8000 की हुई है इसके अंतर्गत दिनांक 17 में 2026 को 4:00 बजे मुख्यमंत्री जी ने संजीव प्रसारण के माध्यम से पूरे प्रदेश के अनुदेशकों को सम्मान समारोह आयोजित करते हुए बधाई दी। इसी क्रम में प्रत्येक जनपद के मुख्यालय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुदेशकों की नियुक्ति उच्च प्राथमिक विद्यालय में की गई है। जहां पर 100 छात्र संख्या न्यूनतम हो, अनुदेशक कला विषय, कृषि /गृह विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा के अध्ययन हेतु नियुक्त किए गए हैं। आज के इस कार्यक्रम में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,मेरठ,अमरोहा एवं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि, जिलाधिकारी कविता मीणा, मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी (खण्ड शिक्षा अधिकारी) जिला समन्वयक, एस आर जी, ए आर पी उपस्थित रहे मंच संचालन अंजू आजाद और संजय शर्मा के द्वारा किया गया। जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा,अंशकालिक अनुदेशकों में ललित, मोनिका,रजनी, सुबोध,मुर्शिद इत्यादि उपस्थित रहे।

## विवेक यूनिवर्सिटी में भव्य एच आर कॉन्क्लेव का आयोजन

नितिन शर्मा

**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** विवेक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा एक भव्य एच आर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के वरिष्ठ ल्फ मैनेजर एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार के अवसरों तथा उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की कार्यशैली, नई तकनीकों, प्रोफेशनल स्किल्स एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टेक्निकल नॉलेज, इंटरव्यू स्किल्स एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वक्ताओं ने छात्रों को निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच रखने तथा बदलती तकनीकों के साथ स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कॉग्निजेंट कंपनी से नबिन्द कुमार सिंह, ओकाया से अनपूर्णा सिंह, ऐप्सक्वाड्ज सॉफ्टवेयर से स्वेता पांडेय, अमिगा इन्फॉर्मेटिक्स से दीक्षा मिश्रा, जारो कंपनी से अर्जित पाठक, धारा मोटर फाइनेंस से राधिका



भटनागर, कोका कोला से सौरभ सिंह, ग्रेप सिटी से मधु बूजो तथा वाइल्डनेट टेक्नोलॉजी से आकांक्षा सिंह सहित अन्य कॉर्पोरेट प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा और उद्योग जगत के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है तथा संस्थान शत-प्रतिशत प्लेसमेंट के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता एवं बेहतर व्यक्तित्व का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। सीईओ अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में और भी प्रतिष्ठित कंपनियाँ विश्वविद्यालय में छात्रों को मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जुड़ेंगी। कुलपति प्रो. एन.के. गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें वास्तविक कॉर्पोरेट वातावरण से परिचित कराते हैं, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो पाते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नितेश वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों से ऐसे कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

# अमर उजाला द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**देहरादून।** मुख्य सेवक सदन में अमर उजाला द्वारा मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है, जो प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने इस वर्ष उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को आकार देने में गुरुजनों एवं माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं, वह विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक के मूल्य भी प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति में शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य ने स्कूली शिक्षा रैंकिंग में शीर्ष 10 राज्यों में स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर अपर सचिव श्री बंशीधर तिवारी, अमर उजाला के संपादक श्री अनूप बाजपेयी मौजूद थे।

# गोवर्धन पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा/गोवर्धन।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना गोवर्धन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान चलाकर गांव जचौंदा, गोवर्धन निवासी भगवान दास पुत्र पन्ना लाल उम्र 26 वर्ष तथा सुनील पुत्र ओमप्रकाश उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। इसके अलावा नगला रामपुर निवासी निहाल सिंह पुत्र देवी सिंह उम्र 58 वर्ष को भी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल मानवेंद्र सिंह और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

# नि:शुल्क 'धर्मार्थ प्याऊ' का हुआ उद्घाटन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती गर्मी के बीच बृज मे पधारे श्रद्धालु आमजन एवं राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्री द्वारकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मंडल रजि मथुरा द्वारा मथुरा में निःशुल्क ' धर्मार्थ प्याऊ स्थापित की गयी है । मंडल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार से पुरुषोत्तम मास शुरू होने के पावन अवसर पर श्री द्वारकाधीश मंगला प्रसाद जी सेवा मंडल रजि. मथुरा द्वारा मसानी बिजलीघर के पास प्राइवेट बस स्टैंड पर निःशुल्क धर्मार्थ प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया व प्रमुख समाजसेवी बनवारी लाल वर्मा द्वारा फीता काटकर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। मंडल के एडमिन सौरभ वर्मा ने कहा कि मंडल द्वारा संचालित धर्मार्थ प्याऊ का उद्देश्य जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि 'जल शक्ति से जन भक्ति' की भावना से प्रेरित यह निःशुल्क धर्मार्थ प्याऊ न केवल जनसुविधा का माध्यम है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। इससे राहगीरों एवं यात्रियों को गर्मी के दौरान बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया ने कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनसेवा के प्रति सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया कार्यक्रम मे दीपक अग्रवाल दाल वाले, लवकेश गोला, महेश खंडेलवाल, विष्णु शर्मा, डॉ मीनाक्षी सिंह, संजय सोनी, रामविलास द्विवेदी, सुनील प्रजापति, मीडिया प्रभारी उमेश भदौरिया, अमित राणा, प्रीति भाटी, शिवम सिंह, रवि अहेरिया, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# करोड़ों ग्रांट फाइल ले गई जांच टीम, 39 करोड़ में से 3.5 करोड़ की बारात घर की फाइल गायब

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** ग्राम पंचायत अड़ींग में 39 करोड़ की परफॉर्मेंस ग्रांट की विस्तृत जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय समिति ने शनिवार को पंचायत कार्यालय पहुंचकर विकास कार्यों की पत्रावली संकलित कीं। इनमें 3.5 करोड़ की बारातघर निर्माण की पत्रावली समिति को नहीं दी गई है। इसके पीछे जांच के दौरान 50-60 लाख की धनराशि निकालने का प्रयोजन बताया जा रहा है जिसकी शिकायत सदस्यों ने उच्चाधिकारियों से की है। उधर कमिश्नर द्वारा गठित समिति के समक्ष शुक्रवार को लोकायुक्त को शिकायत कर्ता ने भी घपलों का विवरण प्रस्तुत किया। स्थानीय समिति हर काम की विस्तृत जांच को अन्य विभागीय कर्मचारियों को भी लगाने की तैयारी में हैं। ग्राम पंचायत में 39 करोड़ की परफॉर्मेंस ग्रांट की मण्डलायुक्त आगरा एवं जिलाधिकारी मथुरा के स्तर से तीन -तीन सदस्यों की अलग-अलग जांच समिति गठित की हुई हैं। दोनों समिति अपने स्तर से जांच कर रही हैं। 30 अप्रैल को डीएम द्वारा गठित जांच समिति को 15 मई तक जांच पूरी करनी थी लेकिन समिति शनिवार को गांव पहुंची। पंचायत कार्यालय में पहुंच कर एसडीएम न्यायिक छाता अखिलेश कुमार ने सभी कार्यों की पत्रावलियों का परीक्षण किया। जांच दल के सदस्य बीडीओ छाता एवं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने आपत्तिजनक पत्रावलियों को पंचायत सचिव से प्राप्त कर टीम अपने साथ ले गयी। जांच दल के पहुंचते ही पूर्व सचिव रामवीर, थान सिंह, स्थानांतरित यतिन शर्मा व आगत मनोज भंडारी मौजूद रहे ।

जांच टीम पत्रावलियों का परीक्षण कर आगामी दिवसों में हर कार्य का स्थलीय निरीक्षण करेगी । एसडीएम न्यायिक छाता ने कहा कि विस्तृत जांच में कयी विशेषज्ञ कर्मचारियों को लगाया गया है। उधर लोकायुक्त के निर्देश पर मण्डलायुक्त आगरा द्वारा गठित समिति के समक्ष परिवादी अजीत सैनी ने भी घपलों की विस्तृत रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत की है। उल्लेखनीय है कि डीएम एवं कमिश्नरी स्तर की जांच के बीच भी पंचायत में धन निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं। निमार्णाधीन 3.5 करोड़ के बारातघर की एमबी कर 60 लाख रुपए निकालने की तैयारी है। जांच समिति को भी बारातघर की पत्रावली नहीं दी गई है। सदस्यों ने धन की निकासी पर रोक की शिकायत भी कमिश्नर से की है। उनका कहना है कि पंचायत का बोर्ड 17 फरवरी से भंग है। 15 में से 12 सदस्य पद से त्यागपत्र दे चुके हैं। इधर जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी 30 मार्च से अभी तक त्यागपत्र अवलोकित न करके पंचायत में पेंच फंसा रखा है। पंचायत में न प्रशासक है न संचालन समिति फिर धन की निकासी क्यों कराई जा रही है। उन्होंने डीपीआरओ पर उनकी शिकायतों पर पंचायत के रोजगार सेवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप भी लगाया है। विदित हो कि 15 में से 14 सदस्यों के मोबाइल नंबर की जगह पूरी पंचवर्षीय में सरकारी एप मेरी पंचायत पर रोजगार सेवक का नंबर लगा रहा। इसकी शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# शुजागंज बाजार में देशी ठेका के पास दर्दनाक हादसाः अनियंत्रित ट्रक ने युवक को रौंदा, हालत गंभीर



**फतेह खान**

**रूदौली/अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** रूदौली क्षेत्र के शुजागंज बाजार स्थित देशी शराब ठेका के पास रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित ट्रक ने ठेला के पास खड़े युवक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि युवक ट्रक के नीचे फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह युवक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरानपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने हादसे के बाद ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

# सीएम ने सिसौना नदी पर बनने वाले स्पान पुल का शिलान्यास किया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सितारगंज के शक्तिफार्म को सिडकुल क्षेत्र से जोड़ने हेतु सिसौना नदी पर लगभग 11.41 करोड़ की लागत से बनने वाले 150 मीटर स्पान पुल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सिडकुल सितारगंज एवं विकासखंड कार्यालय सिसौना तक पहुंचने के लिए लगभग 9 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंह नगर जनपद एवं शक्तिफार्म-सितारगंज क्षेत्र के विकास हेतु अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। शक्तिफार्म में पीपीपी मॉडल के माध्यम से मिल्क पाउडर, आइसक्रीम एवं चीज निर्माण से संबंधित आधुनिक डेयरी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही प्रह्लाद पलसिया में लगभग 54 करोड़ की लागत से एक्वा पार्क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसका लगभग 75% कार्य पूर्ण हो चुका है। क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएचसी को 30 बेड के सीएचसी में उच्चीकृत किया गया है। साथ ही सितारगंज-टनकपुर फोरलेन सड़क, आधुनिक ड्रेनेज प्रणाली, विभिन्न मोटर मार्गों और मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि किच्छा में लगभग 351 करोड़ की लागत से 100 एकड़ भूमि पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सेटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पंतनगर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गदरपुर एवं खटीमा बाईपास, खटीमा और किच्छा बस अड्डों, खेल स्टेडियमों, साइकिलिंग ट्रैक, एथलेटिक्स ट्रैक तथा औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र को नई पहचान दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को पुनः प्रारंभ कर तराई क्षेत्र की पेयजल एवं सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। किसानों के हित में गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की वृद्धि भी की गई है।

# गोपेश्वर नाथ महादेव मित्र मंडल ने मनाया शनिदेव का जन्म उत्सव



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** बीएसए कालेज स्थित कृष्णा विहार पार्क में गोपेश्वर नाथ महादेव मित्र मंडली द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनिदेव के जन्म उत्सव पर सुबह तेल से अभिषेक किया तत्पश्चात काले तिल एवं गुड़ चना का भोग लगाया और शाम को मीठे शरवत की प्याऊ लगाई। महीलाओं ने भजन कीर्तन का आयोजन किया । मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि कर्म फल के दाता शनिदेव है, रावण ने जब शनिदेव को बन्दी बनाकर रखा था तब हनुमान जी ने ही उनकी जान बचाई थी और उनसे वचन लिया कि जो भी भक्त मेरी पूजा अर्चना करेगा उसको तुम कभी भी परेशान नहीं करोगे। गर्मी ने आम जन मानस का जीना मुश्किल कर रखा है इसलिए मन्दिर के कमेटी द्वारा शरवत वितरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर विकास खत्री, योगेश चौरसिया, पवन पांडेय, संतोष सोनी, ललित खत्री, वंशी सिंह, अनमोल चौरसिया, विष्णु शर्मा, प्रमोद कुमार, अमरसिंह, नीलमचौधरी, रजनीखत्री, ओमआन्टी, विमलादेवी, नीरुभाभी, तिरवतीदेवी, मीना, पुनम राठौर, नीरज चौधरी एवं अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# आनंद भवन आश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ ब्रह्मलीन माता आनंद सरस्वती महाराज का द्विदिवसीय चतुर्थ पुण्य तिथि महोत्सव



**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** हरिवंश नगर स्थित आनंद भवन आश्रम में ब्रह्मलीन माता आनंद सरस्वती महाराज का द्विदिवसीय चतुर्थ पुण्य तिथि महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महंत स्वामी बृजानन्द महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत अखण्ड रामायण पाठ, संगीतमय सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ, गुरु पूजन, हवन एवं महंतों - महामण्डलेश्वरों का सम्मान आदि के कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए।

माँ आनंद सरस्वती सेवा संस्थान के अध्यक्ष महंत स्वामी बृजानन्द महाराज ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता आनंद सरस्वती महाराज की पुण्यतिथि सभी क्षेत्र वासियों और संतों-महंतों के आशीर्वाद से भव्य रूप मे मनाया जाता है। महामंडलेश्वर स्वामी भक्तानंद हरि साक्षी महाराज एवं महंत बाबा संतदास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन माता आनंद सरस्वती धर्म व अध्यात्म के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणीय थीं। निर्धनों, निराश्रितों, अपहिजों व विधवाओं आदि की उन्होंने अत्यधिक मदद की। उनके द्वारा स्थापित वृद्धाश्रम व गौशाला आदि समाजसेवा के क्षेत्र में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया एवं प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि माता आनंद सरस्वती श्रीमद्भागवत व श्रीराम चरित्र मानस की यशस्वी प्रवक्ता थी। उन्हें कई धर्म ग्रंथ कंठस्थ थे,जिनका वह दैनिक प्रवचन किया करती थीं। महोत्सव में मुख्य रूप से अंकित कुमार (पार्षद प्रतिनिधि) चुन्नीलाल (अलीगढ़), भूपेश चौधरी, अवनीश (हरिद्वार), साध्वी हरिप्रिया (उज्जैन), अवधेश कुमार पांडेय (अयोध्या), मनोज मिश्रा, शंकर ठेकेदार, आश्रम मैनेजर सौरभ शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, अमित दीक्षित, महेश गौतम, मुकेश शर्मा, रतिराम निषाद, , मुरारी लाल कटारा, तूफन सिंह, पुरुषोत्तम आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन सन्त ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ जी की चल विग्रह डोली की रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवानगी



**ओ पी उनियाल**

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** पंच केदारों में चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ जी की चल विग्रह डोली ने आज मध्य हिमालय में स्थित रुद्रनाथ मंदिर के लिए भक्तों के साथ प्रस्थान किया। भगवान श्री रुद्रनाथ के मंदिर के कपाट खुलने की प्रक्रियों के तहत आज गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर में विशेष पूजाओं का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात देव डोली ने जयकारों, पुष्प वर्षा और सेना की बैंड धुनों के साथ मंदिर के लिए प्रस्थान किया। मंदिर मुख्य पुजारी श्री हरीश भट्ट ने बताया कि मंदिर के कपाट सोमवार मध्याह्न में परंपरानुसार विधि विधान के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। जिसके बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एकानन स्वरूप के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सकेंगे।

# फर्जी इलाज के खेल पर मुण्डेरवा पुलिस का बड़ा प्रहार, महिला की मौत मामले में दो आरोपी दबोचे गए

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बस्ती।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुण्डेरवा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डा.यशवीर सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के कुशल मार्गदर्शन में थाना मुण्डेरवा पुलिस ने महिला की संदिग्ध मौत के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गोदमवा मोड़ मुण्डेरवा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया कि मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के लोहदर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी को शरीर में खुजली की शिकायत होने पर अमृत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा बिना चिकित्सकीय परामर्श के लगातार इंजेक्शन लगाए गए। तीसरा इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ गई और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। आरोप है कि हालत गंभीर होने के बाद अस्पताल कर्मियों ने महिला को अस्पताल से बाहर कर दिया। परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए मुण्डेरवा पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और बेहद कम समय में दोनों आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस की इस तेज कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस की सतर्कता और सक्रियता से अवैध चिकित्सा कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार के गोपालगंज जनपद निवासी कमलेश यादव तथा गोविन्द कुमार शर्मा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय रवाना कर दिया है,जबकि मामले में अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश लगातार जारी है। पूरे प्रकरण में मुण्डेरवा पुलिस टीम की तत्परता, सूझबूझ और प्रभावी कार्यशैली की आमजन द्वारा खुलकर प्रशंसा की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 22 वर्षीय युवक की मौत, ईद के बाद होनी थी शादी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा।** थाना शेरगढ़ क्षेत्र के गांव बढ़ा स्थित एक भट्टे पर काम करने वाले 22 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार साबिर पुत्र इस्लाम निवासी शेरगढ़ गांव बढ़ा के समीप स्थित एक भट्टे पर काम करता था। शनिवार रात करीब 8 बजे वह घर से भट्टे पर रोटी लेकर गया था। इसी दौरान गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि रात करीब 10 बजे पुलिस गश्त के दौरान युवक सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान साबिर पुत्र इस्लाम निवासी शेरगढ़ के रूप में हुई। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे पोस्टमार्टम गृह पहुंचे परिजनों ने बताया कि साबिर की ईद के बाद शादी होने वाली थी। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। अचानक हुए इस हादसे से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# थाना दुधारा पुलिस ने आगामी त्यौहार 'बकराईद' के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** रविवार को दुधारा थानाध्यक्ष अमित कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में दुधारा थाना परिसर में आगामी त्यौहार बकराईद (ईद-उल-अजहा) को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना दुधारा परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाने के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, ग्राम प्रधान तथा अन्य जनप्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार कुशवाहा ने कहा कि त्यौहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व की सूचना तुरंत दुधारा पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।

आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए थाना प्रभारी द्वारा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी न की जाए।

सरकार और प्रशासन के नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए व कुबार्नी किए जाने वाले जानवरों के फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की सख्त मनाही की गई है। ऐसा करने से धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कुबार्नी के बाद अवशेषों को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंककर, उन्हें गड्ढा खोदकर दबाने या नगर निकाय/ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान पर ही निस्तारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि स्वच्छता बनी रहे।

इस दौरान गौहर अली खां, मुहम्मद असलम, मुहम्मद अहमद, मुशीर अहमद, मु. इनामुल्लाह कुरैशी, मुनीरूल हसन चौधरी, हाजी अब्दुल कय्यूम, अखलाक अहमद, अब्दुल कलाम, मो. रमजान, गुड्डू विश्वकर्मा, हबीबुर्रहमान, इकबाल अहमद, उपनि राजेश कुमार सिंह, उदयशंकर द्विवेदी, प्रदीप कुमार सिंह, अभय पाण्डेय, सच्चिदानंद राय, अमरनाथ यादव, राजेन्द्र प्रताप, कन्हैया लाल यादव, राम पुरुषोत्तम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिट्टी खनन पर एसडीएम की छापेमारी, नाबालिग चालक समेत दो हिरासत में, ट्रैक्टर ट्राली सीज





**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर और क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। एसडीएम कैराना ने जन्नत कॉलोनी में छापेमारी कर मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज करा दिया। मौके से नाबालिग चालक समेत एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी में पिछले कई दिनों से जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए दिन-रात अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था। कॉलोनीवासियों ने इसकी शिकायत एसडीएम कैराना से की थी। शिकायत के बाद एसडीएम शिवाजी यादव ने पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई, जिसका चालक नाबालिग किशोर निकला। प्रशासन की कार्रवाई की भनक लगते ही अन्य ट्रैक्टर चालक अपने वाहनों को लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और नाबालिग चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। इसके बाद ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया।क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लोगों में रोष बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना अनुमति मिट्टी खनन का कार्य लगातार जारी है और कई बार नाबालिग किशोर ट्रैक्टर चलाते दिखाई देते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। एसडीएम कैराना शिवाजी यादव ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध मिट्टी खनन नहीं होने दिया जाएगा। जो भी व्यक्ति अवैध रूप से खनन करता पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मो. सुलेमान चौधरी ने गांव की बदल दी सूरत, विकास की नई इबारत लिख रहा है देवरिया नासिर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा का देवरिया नासिर विकास की नई इबारत लिख रहा है। सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओ का क्रियान्वयन कराकर गांव को विकास की रेस में आगे पहुंचा दिया गया है। गांव की गिनती पिछड़े गांवों में होती थी। गांव की दशा बदलने के लिए मोहम्मद सुलेमान चौधरी चुनाव मैदान में उतारे। विकास की बाट जोह रहे ग्रामीणों ने मोहम्मद सुलेमान चौधरी को अपना ग्राम प्रधान चुना। जिसके बाद मोहम्मद सुलेमान चौधरी ने गांव की बदहाल सड़कों की हालत बदल दी। जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कार्य कराकर गांव की सूरत ही बदल दी है। वहीं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया तो वहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर गेट का निर्माण, बिजली के खम्भो पर स्ट्रीट लाइट लगवाकर गाँव की आम जनता के भरोसे को कायम रखा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सुलेमान चौधरी ने बताया कि गांव की जनता ने अगर दुबारा मौका दिया तो विकास के अधूरे कामों को पूरा कराया जाएगा।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत दुधारा थाना पुलिस का जागरूकता अभियान, महिला व सड़क सुरक्षा पर दिया गया जोर

## महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** रविवार को दुधारा थाना की पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर जागरुक किया गया। थाना दुधारा के उपनि. प्रदीप सिंह, हेका. प्रदीप सिंह विशेन, विनोद यादव, सुमित राय, महिला मुख्य चांदनी सिंह महिला आरक्षी पूर्णिमा सिंह महिला आरक्षी रश्मि महिला आरक्षी पल्लवी महिला आरक्षी श्रोति निषाद ने सालेहपुर, छपिया छितौना, नव्वागांव, बढ़या माफी में अभियान के अंतर्गत महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं / बालिकाओं व स्कूली छात्राओं को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी और साथ ही महिलाओं से कहा गया कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं।

# शनि जयंती पर प्राचीन शिव मंदिर में हवन, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में शनि जयंती के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।कस्बा एलम के मोहल्ला शास्त्रीनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शनि जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। पंडित सहदेव और श्रद्धालुओं ने भगवान शनि जयंती धूमधाम से मनाई। पंडित सहदेव और श्रद्धालुओं ने भगवान शनि की पूजा-अर्चना करने के बाद हवन का आयोजन किया।

भक्तजनों ने हवन में आहुति दी और भगवान शनि का आशीर्वाद लिया।पंडित सहदेव ने बताया कि शनि न्याय के देवता हैं और अपने भक्तों का उद्धार करते हैं। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कर्मचारी हितों की पूरी रक्षा करेगा नगर निगम: महापौर

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने सफाई कर्मचारियों से अपील की कि शहर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए वे पूर्व की भांति नियमित रुप से अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा की जा रही समग्र सफाई व्यवस्था में जहां शहर में और बेहतर सफाई होगी वहीं कर्मचारी हितों की रक्षा भी होगी और कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

सफाई कर्मचारियों ने आज अपनी यूनियनों के नेताओं बृज मोहन चिनालिया, सोनी आजाद, अविनाश बिरला, राहुल बाल्मीकि आदि के नेतृत्व में महापौर डॉ. अजय कुमार से नगर निगम स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और नगर निगम द्वारा 58 वार्डो में की जा रही समग्र सफाई व्यवस्था पर अपनी अनेक आशंकाओं से महापौर को अवगत कराया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आश्वस्त किया कि नगर निगम कर्मचारी हितों की पूरी रक्षा करेगा। उनकी लंबे समय से चली आ रही छुट्टियों की मांग, चार साप्ताहिक अवकाश की आदि की मांग पर भी गंभीरता के साथ विचार किया जायेगा।

महापौर ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे लोगों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य एक आवश्यक सेवा है, उन्हें संवैधानिक रुप से आवश्यक सेवा करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे एक जिम्मेदार नागरिक के दायित्व से विमुख नहीं होंगे। महापौर ने स्पष्ट किया कि नयी व्यवस्था में सफाई नायकों/कार्यवाहक सफाई नायकों के दायित्व में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आऊट सोर्सिंग कर्मियों को वर्तमान में प्रतिदिन दिया जा रहा 422.85 रुपये तथा ईएसआई व ईपीएफ नयी व्यवस्था में भी नियमानुसार प्रत्येक माह समय से कर्मचारियों के बैंक खातों में अनिवार्य रुप से भेजा जायेगा।

इस दौरान उपसभापति मयंक गर्ग वरिष्ठ पार्षद मुकेश गक्खड़, दिग्विजय चौहान, नीरज शर्मा, चौधरी वीरसेन सिद्धू, राजेंद्र कोहली आदि भी शामिल रहे।

# बंदरों के हमले में युवक घायल, अस्पताल में कराया भर्ती



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव ब्रहमखेड़ा में बंदरों के झुंड ने एक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने डंडे लेकर बंदरों को मौके से भगाया और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई।रविवार को गांव ब्रहमखेड़ा निवासी भूरा पुत्र जमील अपने घर के आंगन में घरेलू कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक बंदरों का एक झुंड मकान की छत पर आ गया।और झुंड में शामिल एक बंदर ने अचानक हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और डंडों की मदद से बंदरों को वहां से भगाया।बाद परिजन घायल युवक को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।चिकित्सकों ने संक्रमण से बचाव के लिए एंटी रेबीज का इंजेक्शन भी लगाया। नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आवारा बंदरों और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इनका शिकार होकर घायल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा बंदरों और कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# बाइक काटकर बनाए गए रेहड़े बने हादसों का कारण, कार्रवाई की मांग

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर एवं क्षेत्र में बाइक का कटान कर अवैध रूप से तैयार किए गए रेहड़े सड़कों पर यमराज बनकर दौड़ रहे हैं। बिना फिटनेस, बीमा और जरूरी सुरक्षा मानकों के चल रहे इन रेहड़ों से हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मामले में कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। परिवहन विभाग और पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर चालान और वाहन सीज करने की कार्रवाई कर रहे हैं। बुलेट बाइक में पटाखा साइलेंसर लगाने वालों पर भी सख्ती बरती जा रही है, लेकिन अवैध रूप से बाइक का कटान कर बनाए गए रेहड़ों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।क्षेत्र में ऐसे रेहड़े बेखौफ होकर सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। इन वाहनों में लगी बाइक का न तो फिटनेस प्रमाणपत्र होता है और न ही प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा, हेडलाइट व अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण। आरोप है कि कई बार इन रेहड़ों को नाबालिग भी चलाते दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कस्बे के लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग और पुलिस को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से तैयार किए गए इन रेहड़ों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। कस्बा निवासी सोनू ने जिलाधिकारी आलोक यादव को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 विनय कुमार पाण्डेय, हे0का0 धर्मेन्द्र पाण्डेय, का0 मनीष प्रभात ने मु0अ0सं0 392/2026 धारा 69,333,352, बी0एन0एस0 3(1)ध, 3(2)(श) एससी/एसटी एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त चन्द्रदेव पुत्र विन्द्रा प्रसाद ग्राम धोवहिया सिकरी थाना महुली को रविवार को तामेश्वरनाथ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादिनी के साथ उक्त अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, जातिसूचक शब्द व धमकी देने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनाँक 16.05.2026 को अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# गोकशी के आरोपी के घर 82 का नोटिस चस्पा, पेश न होने पर होगी कुर्की

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** जनपद कुशीनगर में दर्ज गोकशी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया।जनपद कुशीनगर पुलिस कस्बे के मोहल्ला खैल पहुंची,पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर न्यायालय द्वारा जारी धारा 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा किया गया। उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा ने बताया कुशीनगर जनपद में गोकशी के एक मामले में आरोपी फिरोज खान पुत्र फारुख खान निवासी मोहल्ला खैल लंबे समय से फरार चल रहा है। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय ने उसके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। मामले में कुशीनगर थाने के एसआई घनश्याम गौतम पुलिस टीम के साथ पहुंचे और आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नोटिस के माध्यम से आरोपी को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में पेश नहीं होता है तो उसके खिलाफ धारा 83 के तहत कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने 40 पक्षियों को खरीद कर तड़पते हुए पक्षियों को पिंजरे की कैद से हमेशा-हमेशा के लिए आजाद कराया

**राजीव चौधरी**



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** खाकी का नाम सुनते ही जेहन में सख्त मिजाज और कानून के रखवाले की तस्वीर सामने आती है। लेकिन उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में तैनात यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने कुछ ऐसा किया है, जिसने खाकी का मान और बढ़ा दिया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने इंसानियत की एक ऐसी अनूठी मिसाल पेश की है, जिसकी हर तरफ जमकर तारीफ हो रही है।' मामला सहारनपुर का है, जहां कचहरी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा का पक्षियों के प्रति एक अनोखा प्रेम देखने को मिला। बाजार में पिंजरे में कैद बेजुबान पक्षियों के दर्द को उन्होंने न सिर्फ महसूस किया, बल्कि अपनी जेब से पैसे खर्च कर उन सभी 40 परिंदों को खरीद लिया। इसके बाद इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने उन सभी तड़पते हुए पक्षियों को पिंजरे की कैद से हमेशा-हमेशा के लिए आजाद कर दिया। जैसे ही पिंजरे का दरवाजा खुला, वे 40 परिंदे खुले आसमान में अपनी आजादी का जश्न मनाते हुए उड़ गए। कैद से आजादी मिलने की खुशी उन बेजुबानों के पंखों में साफ देखी जा सकती थी। कहते हैं कि बेजुबानों की दुआओं में बड़ा असर होता है। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा के इस नेक और संवेदनशील कार्य की अब पूरे सहारनपुर सहित सोशल मीडिया पर जमकर प्रशंसा हो रही है। लोग कह रहे हैं कि काश हर इंसान के दिल में बेजुबानों के लिए ऐसी ही तड़प और मोहब्बत हो। हर कोई नरेंद्र शर्मा के इस जज्बे को सलाम कर रहा है! यूपी पुलिस के इस जांबाज अधिकारी ने साबित कर दिया कि खाकी सिर्फ अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि बेजुबानों और मजलूमों को सुरक्षा और जिंदगी देने के लिए भी जानी जाती है। खाकी का नाम सुनते ही जेहन में सख्त मिजाज और कानून के रखवाले की तस्वीर सामने आती है। लेकिन उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में तैनात यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने कुछ ऐसा किया है, जिसने खाकी का मान और बढ़ा दिया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने इंसानियत की एक ऐसी अनूठी मिसाल पेश की है, जिसकी हर तरफ जमकर तारीफ हो रही है। मामला सहारनपुर का है, जहां कचहरी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा का पक्षियों के प्रति एक अनोखा प्रेम देखने को मिला। बाजार में पिंजरे में कैद बेजुबान पक्षियों के दर्द को उन्होंने न सिर्फ महसूस किया, बल्कि अपनी जेब से पैसे खर्च कर उन सभी 40 परिंदों को खरीद लिया। इसके बाद इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने उन सभी तड़पते हुए पक्षियों को पिंजरे की कैद से हमेशा-हमेशा के लिए आजाद कर दिया। जैसे ही पिंजरे का दरवाजा खुला, वे 40 परिंदे खुले आसमान में अपनी आजादी का जश्न मनाते हुए उड़ गए। कैद से आजादी मिलने की खुशी उन बेजुबानों के पंखों में साफ देखी जा सकती थी। कहते हैं कि बेजुबानों की दुआओं में बड़ा असर होता है। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा के इस नेक और संवेदनशील कार्य की अब पूरे सहारनपुर सहित सोशल मीडिया पर जमकर प्रशंसा हो रही है। लोग कह रहे हैं कि काश हर इंसान के दिल में बेजुबानों के लिए ऐसी ही तड़प और मोहब्बत हो। हर कोई नरेंद्र शर्मा के इस जज्बे को सलाम कर रहा है! यूपी पुलिस के इस जांबाज अधिकारी ने साबित कर दिया कि खाकी सिर्फ अपराधियों में खौफ पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि बेजुबानों और मजलूमों को सुरक्षा और जिंदगी देने के लिए भी जानी जाती है।

# भीषण रोड एक्सीडेन्ट मे होमगार्ड की हालत नाजुक

**विजय द्विवेदी**



**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** जेठवारा थानान्तर्गत बाइक से ड्यूटी के लिए थाना जेठवारा जा रहे होमगार्ड की बाइक सवार बचाने के चक्कर मे बगल खडे ई रिक्शा से टकराने से हालत गम्भीर है ।जिनका प्रयागराज इलाज चल रहा है।लालगन्ज थानान्तर्गत ग्राम पूरे निर्मल गिरधर निवासी होमगार्ड त्रिभुवन नाथ शुक्ला अपने घर से जेठवारा थाने जा रहे थे। जो अपने घर से बमुश्किल पाँच किमी ही पहुचे होगे कि अचानक आगे जा रगे एक बाइक सवार ने अपनी बाइक बगल मे मोड दी । जिसे बचाने के चक्कर मे उनकी बाइक बगल खडे ई रिक्शा मे पीछे से टकरा गयी ।टक्कर इतनी खतरनाक थी कि उनका दाहिना पैर कट कर लटक गया और सडक पर गिरने से उनका सिर फट गया। बेहोश होमगार्ड के घर मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने खबर दी। तो परिवार भाग कर मौके पर पहुचा और प्रयागराज के निजी अस्पताल लेकर गये ।जहा अभी तक उन्हे होश नही आया है ।हालत अभी नाजुक बनी हुई है ।

# भावसी में हुई नव विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

## मृतका के भाई की तहरीर पर सुसराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज दो नामजद आरोपियों हिरासत में लिया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** थाना क्षेत्र के गांव हिंगथला उर्फ भावसी में शनिवार को एक नव विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। सुसराल पक्ष ने विवाहिता की बिजली करंट लगने से मौत हो जाना बताया जबकि मौके पर पहुंचे मायके वालों ने विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप सुसरालियों पर लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर नामजद दो आरोपियों को हिरासत में ले गया। सी ओ प्रखर पांडे ने भी गांव पहुंच कर घटना का जायजा लिया और थाना पुलिस को बाकी दो अन्य अभियुक्तों को भी शीघ्र बंदी बना कर कानून के कठघरे में खड़ा करने के कड़े निर्देश दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवाहिता ने दो माह पूर्व ही प्रेम विवाह किया था। घटना से समूचे गांव में सनसनी है।

गांव भावसी निवासी राजेंद्र सिंह जाटव के पुत्र विशाल की पत्नी राधा उम्र लगभग 21 वर्ष शनिवार की शाम गांव में अपनी सुसराल वाले घर में मृत पाई गई। राधा के सुसराल पक्ष के लोगों ने राधा के मायके में फोन करके सूचना दी कि राधा की करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में मायके वालों ने राधा की सुसराल पहुंच कर देखा तो लाश पर करंट लगने का कोई संकेत नजर नहीं आया। राधा के साथ रह रहे सात साल के उसकी बहिन के लड़के ने राधा की विशाल द्वारा पंखे से लटका कर फांसी लगाकर हत्या करने की बात बताई। मृतका के शरीर पर निशान पाए गए जो कि करंट लगने के नहीं थे। इस पर मायके वालों ने हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। मृतका के परिजनों ने बताया कि राधा और विशाल एक समारोह में एक दूसरे के करीब आये और दो महीने पहले ही दोनों ने प्रेम-विवाह कर लिया। परिजनों का कहना था कि विशाल राधा को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। शादी के बाद से ही विशाल और राधा कस्बा औरंगाबाद में जंगली पीर मौहल्ले में रह रहे थे। दो तीन दिन पहले राधा अपने मायके से ससुराल पहुंची। शुक्रवार को राधा ने अपने पति को एक अन्य युवती ने फोन पर बात करते देखा तो दोनों में कलह हुई। शनिवार सुबह को विशाल योजनाबद्ध तरीके से राधा को भावसी गांव वाले घर में लेकर आया जहां उसने अपने भाई पवन और भाभी रेखा के साथ मिलकर राधा को फांसी लगाकर मार डाला। मृतका के भाई अंकित पुत्र राजकुमार जाटव निवासी ग्राम भोवापुर थाना पिलखुवा ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अपनी बहन के सुसर राजेन्द्र सिंह जाटव,पति विशाल,जेठ पवन और जिठानी रेखा पर दहेज की खातिर अपनी बहन राधा। की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर राजेन्द्र सिंह और विशाल को हिरासत में ले लिया। जेठ जेठानी फरार होने में कामयाब रहे। नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत और क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पांडे ने भी गांव पहुंच कर घटना का जायजा लिया और बाकी दोनों नामजद अभियुक्तों को तलाश कर कानून के कठघरे में खड़ा करने के सख्त निर्देश दिए। घटना से पूरे गांव में सनसनी है।

# भठौली से अयोध्या के लिए निकाली गई 'सनातन धर्म पदयात्रा'

## प्राचीन मां दुर्गा मंदिर भटौली से शुरू हुई सनातन धर्म पदयात्रा

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** चोलापुर थाना क्षेत्र में स्थित भठौली ग्राम सभा में आज 'सनातन धर्म यात्रा' का शुभारंभ हुआ। भठौली ग्राम सभा में स्थित प्राचीन मां दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई यह पदयात्रा सनातन धर्म के सशक्त गठन और जन-जागरूकता के उद्देश्य से अयोध्या धाम तक जाएगी।

इस विशाल पदयात्रा का नेतृत्व हिंदू युवा वाहिनी (पूर्वी उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय उर्फ राजा भैया मिजार्पुर कर रहे हैं। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिनमें वाराणसी हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष बृजेश मिश्रा और मंडल अध्यक्ष पूनम पंडित शामिल थे, उपस्थित रहे।

साथ में गौतम मिश्रा बल्लू, सोफी पाठक, निर्मला पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद थे।यात्रा शुरू करने से पहले, पदयात्रियों ने मां दुर्गा के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद 'जय श्री राम' और 'सनातन धर्म की जय' के उद्घोष के साथ पदयात्रियों का जत्था अयोध्या की ओर बढ़ा।

सैकड़ों समर्थकों की लंबी दूरी की यात्रा को देखते हुए स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार एस्कॉर्ट किया जा रहा है।पुलिस बल की मौजूदगी यह सुनिश्चित कर रही है कि श्रद्धालुओं को मार्ग में किसी भी प्रकार की ट्रैफिक या अन्य समस्या का सामना न करना पड़े और यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से अपने गंतव्य की ओर अग्रसर रहे। क्षेत्रीय जनता द्वारा यात्रा मार्ग में जगह-जगह पर पदयात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया जा रहा है।

# पुरुषोत्तम मास के प्रथम रविवार पर ठंडी लस्सी के भंडारे का आयोजन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक और सेवा भाव के कार्यक्रमों की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में रविवार को जहांगीराबाद के सब्जी मंडी चौराहे (अग्रसेन चौराहा) पर महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव सेवा समिति द्वारा एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें राहगीरों और स्थानीय लोगों को प्रसाद के रूप में ठंडी लस्सी वितरित की गई। भंडारे का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि उमेश वार्ष्णेय, नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल लोधी और सभासद मनमोहन अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों ने समिति के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि तपती गर्मी में प्यासे को पानी और लस्सी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में यह भंडारा केवल एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि इस पवित्र महीने के प्रत्येक रविवार को इसी स्थान (सब्जी मंडी चौराहा) पर आयोजित किया जाएगा। समिति ने नगर वासियों और राहगीरों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सार्वजनिक भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने और व्यवस्थाएं संभालने में अग्रवाल समाज का विशेष सहयोग रहा।

# पुरुषोत्तम मास में निकली भव्य प्रभात फेरी, भक्तिमय माहौल में गूंजा राधा नाम





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** रविवार से पुरुषोत्तम मास की शुरूआत हो गई। इस पावन मास में नगर में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी प्रातः 5 बजे मौहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित गंगा मन्दिर से प्रारंभ होकर, बजरिया, घास मंडी, लुहारों वाली गली, पथवारी आश्रम, वाल्मीकि बस्ती होते हुए वापस गंगा मन्दिर पर आकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर को राधा नाम से सराबोर कर दिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ रामहरि गोयल, बुद्धप्रकाश बंसल, ललित अग्रवाल, रामवतार तायल और लटूर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

इसके बाद रसिक सुमित गोयल, विक्की गोयल, शिवम सोनी ने भजन गाकर पूरी प्रभात फेरी में आनन्द रस की वर्षा की। श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ यात्रा आरंभ की। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने हाथों में धर्म ध्वज लेकर भजन-कीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण किया। पूरा वातावरण 'राधे-राधे' और 'जय श्री कृष्ण' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया और प्रसाद वितरित भी किया गया। प्रभात फेरी के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में पांच दिवसीय प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य नगर में धार्मिक भावना, सद्भाव और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा देना है। अगली प्रभात फेरी 24 मई को लाल कुआं स्थित शीश महल मन्दिर से निकाली जाएगी। अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रभात फेरी के मार्ग में सफाई व्यवस्था करवाने में नगर पालिका परिषद के सभासद सुल्तान अंसारी, कल्पना आदेश शर्मा, शाहजेब अहमद, रोविन चौधरी और धर्मपाल सिंह का सहयोग रहा। इस दौरान पीयूष गर्ग, संजय गर्ग, दिनेश सिंह, हेमंत सिंघल, अमन चौहान, रवि कौशिक, बब्बू पंडित, पूनम बंसल, शकुंतला गोयल, श्वेता गर्ग, लव शर्मा, कन्नु शर्मा, अरुण वार्ष्णेय, विवेक शर्मा, मनु ओझा, अनुज अग्रवाल, अजीत सिंह, चेतन शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार वांछित गिरफ्तार, गया जेल



**संदीप तिवारी**

**कछवारोड़(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार को साढ़े बारह बजे मुखबिर की सूचना पर नाबालिग किशोरी के साथ चार महीने से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहा वांछित अभियुक्त गणेशपुर इस्लामपुर (मिजार्मुराद) निवासी मुहम्मद समसुद्दीन उर्फ समसु को 24 घंटे के अंदर भिखारीपुर गांव के सामने हाईवे से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर शनिवार की रात गणेशपुर इस्लामपुर (मिजार्मुराद) निवासी समसु समेत पांच के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, बलात्कार समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी भिखारीपुर में मौजूद है कही भागने के फिराक में है। जिसपर चौकी प्रभारी टीम के साथ घेराबंदी कर मुख्य आरोपी मुहम्मद समसुद्दीन उर्फ समसु को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी ने पुलिस को बताया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद मेरे द्वारा वीडियो बनाया गया था लेकिन पुलिस के डर से जिस मोबाइल में वीडियो था उसको तोड़कर फेक दिया। पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दी।

# एसपी क्राइम द्वारा पुलिस लाइन सभागार में साइबर क्राइम जागरुगता कार्यशाला का किया गया आयोजन





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार द्वारा जनपद के समस्त बैंकों के अधिकारियों एवं सभी थानों की साइबर सेल में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों के साथ साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान किये जाने के उद्देश्य से एक बैठक/कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित MRM (Money Restoration Module) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 50,000/- रुपये से कम की साइबर ठगी की धनराशि को बिना न्यायालय के आदेश के पीड़ित को वापस कराये जाने की प्रक्रिया टफ्ट के माध्यम से की जा सकती है। इसके अतिरिक्त Grievance Redressal Module (GRM) के संबंध में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि इस मॉड्यूल के माध्यम से पीड़ित के बैंक खाते से LEIN/HOLD हटाने एवं खाते को Unfreeze कराने की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से संपादित किया जा सकता है।

बैठक में Mule Account की पहचान, साइबर अपराधों में इनके उपयोग तथा साइबर जागरूकता के संबंध में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु सतर्कता बरतने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिसकर्मियों के साथ एडीसीपी ने किया पैदल गश्त



**संदीप तिवारी**

**कछवारोड़(वेलकम इंडिया)।** एडीसीपी गोमती जोन नृपेंद्र कुमार ने रविवार की देर शाम कछवांरोड चौराहे पर मिजार्मुराद पुलिस के साथ कछवां-कपसेठी मार्ग पर व चौराहे पर पैदल गश्त कर भम्रण किया। इस दौरान एडीसीपी द्वारा दुकानदारों से बोला गया कि जिनके भी दुकान पर सीसीटीवी कैमरे नही लगे है वो जरूर से लगवा ले।

एडीसीपी द्वारा अतिक्रमण को लेकर पुलिसकर्मियों को आदेश दिया गया कि किसी भी कीमत पर रोड पर अतिक्रमण के चलते जाम नही लगना चाहिए अगर अतिक्रमण के चलते जाम लगता है तो तत्काल कार्रवाई करें। एडीसीपी ने आदेश दिया कि कछवांरोड चौराहा होने के वजह से पुलिस बूथ पर दो पुलिसकर्मी जरूर रहे और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति और बिना नंबर के वाहन की जांच जरूर करे। इस दौरान एडीसीपी के साथ मिजार्मुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा, कछवांरोड चौकी प्रभारी संदीप सिंह, एसआई पवन यादव, मुन्ना लाल दूबे, मधुसूदन त्रिपाठी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर का पत्रकार मुकेश राजपूत ने फीता काटकर किया शुभारंभ सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** खानपुर में तृतीय महा रक्तदान शिविर का पत्रकार मुकेश राजपूत ने फीता काट कर किया शुभारंभ, सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान। आपको बता दें कि कस्बा खानपुर के रामलीला मैदान (गंज) में रविवार को लक्ष्मी ब्लड बैंक द्वारा डॉ. पवन कुमार के नेतृत्व में तृतीय महा रक्तदान शिविर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेस मीडिया क्लब (स्याना) अध्यक्ष पत्रकार मुकेश राजपूत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक सम्मानित लोग एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सैकड़ों लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर के दौरान आयोजकों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही तथा रक्तदान को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



## ग्राम रथों से आमजन को मिली योजनाओं की जानकारी

# ग्राम विकास चौपाल से राज्य सरकार पहुंची आमजन के द्वार किसान, महिला और युवाओं तक पहुंचाया योजनाओं का लाभः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**धौलपुर राजस्थान।** मुख्यमंत्री की अपील- विकसित राजस्थान संकल्प में आमजन निभाएं सक्रिय सहभागिता, मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान, मजदूर, युवा और महिला उत्थान के लिए कृत संकल्पित हैं। हमारी सरकार ने प्राथमिकता से प्रदेश के विकास का रोडमैप बनाकर पानी, बिजली व रोजगार पर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल को ग्राम रथ अभियान प्रारंभ कर 183 विधानसभा क्षेत्रों में इन रथों के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को विधानसभा धौलपुर के नरपुरा गांव से वीसी के जरिए प्रदेशभर में आयोजित ग्राम विकास चौपाल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों एवं आमजन की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। वहीं, गत दो वर्षों में मानसून की अच्छी वर्षा से प्रदेश के बांधों में पानी की अच्छी आवक भी हुई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता बढ़ रही है। इसी क्रम में बिजली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वहीं, 26 जिलों के किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है। वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान पीएम कुसुम योजना का लाभ लेकर अन्नदाता के साथ ही ऊजार्दाता भी बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे निजी



क्षेत्र में 3 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। हमारी सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे को भी पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि गत सरकार में पेपर लीक से युवाओं के सपने टूटे, लेकिन हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान को सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। प्रदेश में स्थानीय उपज को बढ़ावा देने के लिए प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए एमओयू किए गए हैं। वहीं, कल्याणकारी योजनाओं से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान चलाकर विकास का रोडमैप बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य है। साथ ही, राज्य सरकार डेयरी क्षेत्र में दुग्ध संकलन केन्द्रों की क्षमता के साथ ही संख्या में भी वृद्धि कर रही है। हमारी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में नवीन पैक्स खोले हैं। उन्होंने कहा कि किसान डीएपी एवं यूरिया का उपयोग कम करें तथा आधुनिक एवं जैविक खेती को अपनाएं। फलदार वृक्ष लगाकर अतिरिक्त आमदनी का सृजन करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को डबल इंजन की सरकार पूरा कर रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ढाई वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में गत सरकार की तुलना में अधिक कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं राजीविका से जुड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनें। राज्य सरकार पशुपालकों के लिए मोबाइल वेटरनरी वैन का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास चौपाल निरंतर जारी रहेंगी। वहीं, विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में आमजन अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# कुश्ती ग्रामीण आंचल का सबसे प्राचीन व युवाओं को बलवान बनाने वाला खेलः डा. राजकुमार सांगवान

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** महाराजा सूरजमल अखाडा गांव रोरी मे बाबा राजाराम श्योराण की 33वी पुण्यतिथि पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल की अध्यक्षता सर्व खाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने की दंगल मे मुख्य अतिथि सांसद डा. राजकुमार सांगवान रहे। कुश्ती करने के लिए दूर दूर से पहलवान पहुंचे । सभी पहलवानों ने अपने दांव पेंच लगायें व बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुश्ती देखने वालों ने पहलवानो के करतब देख उनकी प्रशंसा की। सबसे बडी कुश्ती पहलवान लवीश खंजरपुर ऐकडमी व पहलवान जुनैद साबु पहलवान अखाडा मेरठ के बीच हुई जो बराबरी पर छूटी। जीतने वाले पहलवानों को मैडल व नगद राशि भेंटकर प्रोत्साहित किया गया । सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने अपने सम्बोधन मे कहा कुश्ती ग्रामीण आंचल का बहुत प्राचीन खेल है व युवाओं को बलवान व ताकतवर बनाता है। कुश्ती को आगे बढ़ाने मे सभी को योगदान देना चाहिए। आज ओलंपिक खेलों मे पदक जीतकर पहलवान अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करते है। उन्होंने पहलवानों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व आगे भी दंगल में उपस्थित होने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। सर्व खाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने कहा अपने पूर्वजो की पुण्यतिथि पर कुश्ती दंगल व अन्य खेलो का आयोजन कराना सबसे सराहनीय कार्य है। इससे पहलवानो व अन्य खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलता है। भारत मे पहलवान खाप पंचायतो की स्थाई सेना होती थी। पहले सभी गाँवो मे कई कई अखाडे चलते थे और इन अखाडो के पहलवान देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणो की बाजी लगा देते थे। दंगल मे देशवाल खाप चौधरी शरणवीर सिंह, घणघस खाप चौधरी सुखपाल सिंह, बेनीवाल खाप चौधरी अमित बेनीवाल , सहरावत खाप चौधरी वरुण सहरावत, पंवार खाप चौधरी प्रमोद पंवार ,लाठर खाप चौधरी देव लाठर व रालोद के वरिष्ठ नेता सतेंदर तोमर, रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, रालोद के वरिष्ठ नेता सतीश राठी, ओमबीर घणघस प्रधान आजमपुर, जितेन्द्र घणघस थामबेदार रोहटा, जयप्रकाश घणघस थामबेदार दुहाई, तेजवीर वर्मा नेकपुर आदि उपस्थित रहे। दंगल के आयोजक श्योराण खाप चौधरी बाबा परमेन्द्र आर्य ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर व श्योराण खाप स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सभी खाप चौधरीयो को पगडी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल को सफल बनाने मे दीपक पहलवन अमराला, अभिषेक पहलवान, निजाम पहलवान, दादा रामनारायण रोरी , दुष्यंत चौधरी मोदीनगर , मनोज राठी सैदपुर, ब्रजवीर सिंह सदरपुर, पहलवान विपिन राठी, अमन नेहरा बिसोखर, मोहित फौजी मोदीनगर , अलोक अत्रि छात्र नेता दिल्ली विश्वविद्यालय , परविंदर चौधरी पट्टी, पप्पी नेहरा , नेपाल सिंह काजमपुर, मास्टर संसरपाल भोजपुर, अजित चौधरी भोजपुर, वेदपाल सिंह रोरी, प्रकाश रोरी, रीता चौधरी मोदीनगर, विराट सांगवान आदि का योगदान रहा।

# कश्यप अधिवक्ता संगठन ने किया पंकज कश्यप महेश्वरी का जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** कश्यप अधिवक्ता संगठन द्वारा कश्यप उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कश्यप महेश्वरी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जयवीर कश्यप और राष्ट्रीय महासचिव सुनील कश्यप समिति के संरक्षक सुखबीर कश्यप एवं सतीश कश्यप, का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कश्यप अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष एवं कश्यप उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार अधिवक्ता अनिल कश्यप जी द्वारा समाज को सस्ती और विधिक सहायता देने पर अपने विचार रखें। इस सभा के मुख्य अतिथि वेद प्रकाश रहे, जो की सन 1972 से रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़े हुए हैं।इस अवसर पर कश्यप उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कश्यप महेश्वरी जी ने समाज के अधिवक्ताओं से समाज के कानूनी मामलों को निस्वार्थ एवं कम फीस पर मामलों का निपटारा करवाने का निवेदन किया। एडवोकेट अतुल कश्यप द्वारा समाज में हो रहे पारिवारिक मनमुटाव के मामलों को आपस में बैठकर निपटाने पर जोर दिया और कानून तौर पर सहायता करने के लिए कहा ' कश्यप उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अध्यक्ष श्री जयवीर कश्यप जी ने समाज को नशे एवं जुए की लत से दूर रहने के लिए जागृत करने पर जोर दिया। जयभगवान एवं रविंद्र कश्यप मास्टर जी ने समाज को शिक्षित एवं कौशल कार्यशाला में प्रांगण होने पर जोर दिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय विपत राम कश्यप जी ने संगठन को मजबूती से कार्य करने के लिए एकजुट होकर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर कश्यप अधिवक्ता संगठन के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ओर समाज के मुख्य रूप से एडवोकेट विनोद कुमार अनिल कश्यप छोटा कैला सतीश चंद्रा राजकुमार रविंद्र कुमार मनीष दिनेश कश्यप विजेंद्र कश्यप सुरेंद्र कश्यप प्रमोद कश्यप चमन कश्यप अमर कश्यप अमित कश्यप कुणाल युवराज बिमला देवी आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति द्वारा कारगिल दिवस पर कार्यक्रम होगा आयोजित



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति की एक बैठक में कारगिल दिवस समारोह मनाने के उपलक्ष में चर्चा हुई। पूर्व सैनिक,जनकल्याण समिति मोदीनगर के अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व ब्लेक केट कमांडो ने बताया कि कारगिल दिवस के उपलक्ष में मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता ओन्ली कैप्टन योगेंद्र यादव होंगे।

उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र विजेता ओन्ली कैप्टन योगेंद्र यादव को 18 गोली लगने के बावजूद भी जिंदा रहे । इनको बहादुरी के लिए परमवीर चक्र मिला। बैठक के बाद पूर्व सैनिक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा से मिले और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सैनिक जनकल्याण समिति मोदीनगर के अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व ब्लेक केट कमांडो,संयोजक लक्ष्मण सिंह राठी,ओमपाल तेवतिया सत्येंद्र चौधरी विनोद गुप्ता ऐ पी गुप्ता रोहतास देव चंद्रपाल पैंगा जगबीर महेश शर्मा यादव चौधरी कंवर शेरपुर गोपाल अंकित त्यागी राजपाल शर्मा आदि सैनिक मौजूद रहे।

# नगर निगम में ठेका कर्मचारियों का हल्ला बोल, वेतन भेदभाव और भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन





कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद नगर निगम में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने समान वेतन, श्रमिक अधिकार और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए ठेकेदार कंपनियों, सुपरवाइजरों और अधिकारियों पर शोषण के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी मजदूरों का कहना है कि उनसे स्थायी कर्मचारियों के बराबर काम कराया जाता है, लेकिन वेतन और सुविधाओं में भारी अंतर रखा गया है। कर्मचारियों ने मांग की कि ठेका चालकों और सहायकों को भी न्यूनतम 30 हजार मासिक वेतन दिया जाए। मजदूरों ने आरोप लगाया कि नौकरी के दौरान सिक्योरिटी अमाउंट लिया जाता है, लेकिन नौकरी छोड़ने पर उसे वापस नहीं किया जाता। साथ ही विभिन्न कार्यों के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का भी आरोप लगाया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# सपा कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं-मिश्रा



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने आनंद विहार स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला मे भगवान परशुराम की प्रतिमा पर मलार्पण किया और कार्यकर्त्ता से मुलाकात की। अभिषेक मिश्रा ने कार्यकर्त्ता से कहा कि सभी अभी से चुनाव की तैयारी मे जुट जाये। 2027 मे समाजवादी पार्टी की सरकार बने जा रही है। आज हर वर्ग राज्य और केंद्र की सरकार की नीतियों से परेशान है, ना महंगाई पर काबू है ना युवाओं को रोजगार है। आज एनसीआरबी के रिकॉर्ड के अनुसार महिला उत्पीड़न मे उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। 2027 मे सब को साथ लेकर उत्तर प्रदेश के समाजवादी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस मौके पर प्रदीप शर्मा सभासद , बबलू कौशिक सभासद, सुनील दिवेर्दी, सुनील शर्मा, निरंजन तिवारी, एड अमित शर्मा, सुशील शर्मा, एड नीरज शर्मा, दुश्यंत यादव सभासद, राहुल राणा सभासद, कपिल चौधरी सभासद, डॉ अनुज अग्रवाल, पप्पू शर्मा, ऋषि शर्मा, मुकेश शर्मा, संदीप शर्मा, अमित शर्मा, विनीत शर्मा, आशुतोष शर्मा अमित त्यागी, पुनीत त्यागी, बाबूराम शर्मा, संजय पिंडी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्व. आशा भसीन की याद में दशमेश परिवार को दिया वृद्ध सेवा वाहन

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाजसेविका स्वर्गीय आशा भसीन की पावन स्मृति में भसीन परिवार द्वारा वृद्ध सेवा वाहन दशमेश खालसा परिवार को दिया गया। स्वर्गीय आशा भसीन की पावन स्मृति में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ,गोविन्दपुरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में परिवारजन, रिश्तेदारों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर गुरबाणी पाठ एवं अरदास का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने माता जी के सरल, धार्मिक एवं सेवाभावी जीवन को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक रहा और उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। स्वर्गीय आशा भसीन जी की याद में भसीन परिवार द्वारा वृद्ध सेवा वाहन दशमेश खालसा परिवार को दिया गया। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा वृद्ध सेवा वाहन एक नई सेवा की शुरूआत की गई। यह सेवा मोदीनगर शहर के सभी बुजुर्गों के लिए तथा शारीरिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों के लिए ,आपातकालीन सेवा में , और किसी भी सामाजिक कार्यों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। इन सेवाओं के चलते दशमेश खालसा के अध्यक्ष विकास भसीन जी द्वारा गुरुद्वारा साहिब में आए हुए सभी सामाजिक लोगों को दशमेश खालसा की नई सेवा, मोदीनगर शहर में सेवा संस्थान बनाने के बारे में सबको विस्तार में बताया गया और 10-15 लोगों ने सेवा के बारे में सुनते ही 1 गज भूमि दान कि सेवा दशमेश खालसा परिवार को दी गई। सभा के अंत में उपस्थित संगत ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। दशमेश खालसा परिवार के सभी सेवादार उपस्थित रहे ।

# हिंदू युव वाहिनी के पदाधिकारियों का मोदीनगर में किया भव्य स्वागत



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** हिंदू युव वाहिनी के कार्यकताओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों का भाव स्वागत किया गया तथा हिंदू युव वाहिनी के कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया । हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं द्वारा हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाराज अनिल गुरु जी संरक्षक, संजीव गौड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष, सतेन्द्र दलाल राष्ट्रीय विशिष्ट उपाध्यक्ष, रवि मल्होत्रा राष्ट्रीय महामंत्री, विधायक डॉ० मंजू सिवाच , पालिका चेयरमैन विनोद वैशाल, विजय मलिक प्रदेश उपाध्यक्ष उ० प्र०, सतीश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष उ० प्र०, टीसा गोस्वामी पश्चिमी उ०प्र० अध्यक्ष महिला मोर्चा, मुकेश खारी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष,डॉअलका चौधरी मोदीनगर शहर अध्यक्ष महिला मोर्चा, तीशा गोस्वामी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पधारे हिंदू युव वाहिनी के पदाधिकारियों ने धर्म की रक्षा, समाज की सेवा, युवाओं की शक्ति राष्ट्र की भक्ति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

# सनातन मिशन के लिए केशव शर्मा को मिली धर्म प्रचारक की जिम्मेदारी

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पौराणिक यम्केश्वर महादेव मंदिर न्यास से जुड़ी एक महत्वपूर्ण धार्मिक घोषणा सामने आई है, जिसमें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की गई है। न्यास के धर्माधिकारी अमित त्यागी द्वारा मोदीनगर के सीकरी कला निवासी केशव शर्मा को धर्म प्रचारक के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उन्हें विधिवत रूप से आधिकारिक मनोनयन पत्र भी सौंपा गया।

धर्माधिकारी अमित त्यागी की ओर से बताया गया कि केशव शर्मा को यह जिम्मेदारी उनके धार्मिक कार्यों में सक्रिय योगदान, समाज सेवा के प्रति समर्पण तथा सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को देखते हुए सौंपी गई है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के धर्म प्रेमियों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। लोगों ने केशव शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पौराणिक यम्केश्वर महादेव मंदिर न्यास लंबे समय से सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। न्यास समय-समय पर धार्मिक आयोजनों, जागरूकता अभियानों और समाजहित के कार्यों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर न्यास के मीडिया प्रभारी अमित तिवारी, जय देव शर्मा एडवोकेट, विपिन वत्स, संदीप शर्मा, यशपाल सिंह, अरुण शर्मा, जितेंद्र चौधरी, शिवम शर्मा, अनुज शर्मा,वर्षिक शर्मा, हरिओम शर्मा,राजपाल त्यागी,दीपक यादव,जतिन तथा निखिल कटोच,विपिन वत्स उमेश कुमार दिव्यांश कौशी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था पर एडीसीपी का सख्त रुख, ट्रैफिक बूथों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा







कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद कमिश्नरेट में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से श्री वरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) द्वारा विभिन्न यातायात ड्यूटी प्वाइंटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनएचएआई द्वारा स्थापित ट्रैफिक बूथों पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की जांच की गई तथा उनकी कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एडीसीपी यातायात ने ट्रैफिक बूथों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैदी, यातायात संचालन में सतर्कता और बूथों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की सुविधा और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण अभियान से यातायात पुलिस कर्मियों में सतर्कता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# 'मिशन शक्ति 5' के तहत नोएडा पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकार एवं साइबर सुरक्षा की दी गई विस्तृत जानकारी





वेलकम इंडिया संवाददाता

**नोएडा।** महिला सुरक्षा टीम द्वारा 'मिशन शक्ति 5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के उपाय, तथा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही बदलते डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक प्रोफाइल, साइबर बुलिंग आदि से बचाव के उपायों के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं, जिससे समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण सुरक्षा सुझाव एवं संपर्क जानकारी अंकित थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सुरक्षित बनाना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग करना रहा, ताकि समाज में 'नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन' की भावना और अधिक मजबूत हो सके।

# अनुदेशकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान: मानदेय बढ़कर 17 हजार, विकास भवन में हुआ भव्य सम्मान समारोह







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की खुशी में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप एवं विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और अनुदेशकों ने उत्साहपूर्वक देखा। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के हित और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। इसी सोच के तहत अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये किया गया है। उन्होंने इसे शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अनुदेशकों के हित में लिया गया यह निर्णय उन्हें नई ऊर्जा देगा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने का आ'ान भी किया। कार्यक्रम में लोनी, मुरादनगर, रजापुर, भोजपुर एवं नगर क्षेत्र के चयनित अनुदेशकों को प्रतीकात्मक रूप से 17 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी पूनम शर्मा ने किया, जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने सभी अनुदेशकों एवं विभागीय टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक प्रतिनिधि, शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे।

## नामित पार्षदों को मिला विकास निधि का तोहफा, आवास पहुंचकर जताया आभार





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद नगर निगम की बजट बैठक में सभी नामित पार्षदों को विकास कार्यों के लिए 1-1 करोड़ रुपये की निधि प्रदान किए जाने के निर्णय के बाद समस्त नामित पार्षदों ने आवास पहुंचकर आत्मीय आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

नगर निगम के इस निर्णय को शहर के संतुलित और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नामित पार्षदों ने कहा कि इस बजट से वार्ड स्तर पर विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनसुविधाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। बैठक में लिया गया यह फैसला सभी वार्डों में समान विकास की सोच को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर सड़क, जल निकासी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

नामित पार्षदों ने इस पहल को जनहित में ऐतिहासिक बताते हुए विश्वास जताया कि इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## स्वच्छता की मिसाल: गाजियाबाद पुलिस ने थानों में किया सामूहिक श्रमदान अभियान









**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त थानों में पुलिस कर्मियों द्वारा एक व्यापक एवं प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों के भीतर तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई की गई तथा पूरे परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने का कार्य किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में पुलिसकर्मियों ने स्वयं आगे बढ़कर झाड़ू लगाई, कचरा एकत्रित किया, कार्यालयों की सफाई की तथा थानों के आसपास के सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाया। इसके साथ ही थानों में लगे पौधों की देखभाल एवं हरियाली को बढ़ावा देने हेतु विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे हर नागरिक को अपनाना चाहिए। पुलिस कर्मियों ने श्रमदान के माध्यम से यह संकल्प भी दोहराया कि 'स्वच्छ थाना झ्र सुरक्षित समाज' की अवधारणा को केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप में लागू किया जाएगा। अभियान के दौरान सभी थानों में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला तथा पुलिसकर्मियों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण ही सुरक्षित, स्वस्थ एवं अनुशासित समाज की नींव है।

## जातियों की बीतती रात



रवि अरोड़ा

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज कुमार भाटी पत्रकारिता के शुरूआती दौर से मेरे मित्र हैं। उनकी विद्वता का मैं तब से कायल हूं जब साल 1990 में जन समावेश नाम से मैंने एक दैनिक समाचार पत्र निकाला और विमोचन का दिन आ गया मगर अखबार पूरा तैयार ही नहीं हो पाया था । ऐसे में इत्तेफाकन राजकुमार जी ने मेरे कार्यालय आए हालात देखकर उन्होंने मुझसे कहा कि आप प्रोडक्शन का बाकी काम देखिए, एडिटोरियल पेज मैं तैयार कराता हूं। अखबार का पहला संपादकीय कितना महत्वपूर्ण होता है यह बात हर वह व्यक्ति भली भांति समझता है जो अखबारों से थोड़ा बहुत भी जुड़ा रहा हो। भाटी जी ने अखबार के लिए जो उम्दा संपादकीय उस दिन लिखा, वह मेरे दिलो दिमाग पर आज तक छपा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से उन्हें समाचार चैनलों पर होने वाली चचाओं में हिस्सा लेते समय प्रगतिशील और ज्ञानवर्धन बातें करता हुए जब देखता हूं तो सुखद अनुभूति होती है। मैं दावे से कह सकता हूं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शायद ही किसी अन्य पत्रकार ने शास्त्रों, साहित्य, समाज शास्त्र और तमाम अन्य विषयों पर इतना अध्ययन किया हो, जितना भाटी जी ने किया है। गांव देहात की पृष्ठभूमि से निकल कर हमारे बीच का एक व्यक्ति इस ऊंचाई तक पहुंचा कि आज टीवी पर बड़े बड़े धुरंधरों को धूल चटा देता है। इन्हीं भाटी जी के एक बयान को लेकर आजकल जो विवाद चहुंओर छाया हुआ है, उसे देख सुन कर दुख होता है। मैने लगभग बारह मिनट का उनका पूरा भाषण सुना और विभिन्न जातियों को लेकर समाज में प्रचलित लोकोक्तियों के उद्धरण के अतिरिक्त बाकी सारी बातें बहुत गहरी और सम सामयिक लगीं । जिन लोकोक्तियों का जिक्र उन्होंने किया उन्हें भी उन्होंने मन से नहीं बनाया और वे न जाने कब से समस्त उत्तर भारत में कही सुनी जा रही हैं। मगर फिर भी मैं कहना चाहूंगा कि उन्हें ऐसे मुहावरों और लोकोक्तियों को सार्वजनिक मंचों पर कहने से बचना चाहिए था । मेरा ऐसा कहने का एकमात्र कारण यह है कि ऐसी बातों की अनुगूंज सदैव नकारात्मक ही होती है और इससे जातीयता के खिलाफ प्रगतिशील समाज की लड़ाई कमजोर होती है। पूरा समाज जरूरी विषयों से हट कर इन पर चर्चा में उलझ जाता है और इसका लाभ उन्हीं शक्तियों को होता है, जिनसे लड़ने में भाटी जी जैसे लोग पूरी ताकत से लगे हुए हैं।

वर्ष 1931 के बाद से भारत में पूरी जातिगत गणना नहीं हुई मगर एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में 4,600 से अधिक समुदायों का उल्लेख किया गया है। उपजातियों की भी गणना हो तो यह आंकड़ा कई गुना और बढ़ने की उम्मीद है। इस साल हो रही जन गणना जातियों के आधार पर है और अगले साल तक तस्वीर साफ होने की उम्मीद की जा रही है । अजब स्थिति है कि यहां हर कोई अपनी जाति को लेकर दंभ अथवा हीन भावना पाले बैठा है और जब मौका मिले दूसरी जातियों का उपहास उड़ाने में गर्व महसूस करता है। जिसके जीवन में कोई निजी उपलब्धि नहीं वह जीवन में इत्तेफाक से मिली जाति को ही अपनी पहचान बनाए घूम रहा है। जाति को लेकर हीन भावना पाले बैठे लोगों की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। हममें से ऐसा कौन होगा जिसने अपनी जाति से जुड़ी नकारात्मक बातें कभी न सुनी हों। आप बेशक खुद को सवर्ण कहें अथवा पिछड़ा , अनुसूचित कहें अथवा कुछ और मगर जातीय उपहास से आप भी शायद बच नहीं पाए होंगे ।हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते थे कि जातीय व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि नीची से नीची समझे जाने वाली जाति भी अपने से नीची जाति ढूंढ लेती है और उसका मखौल उड़ाती है। मगर अब जैसे जैसे शिक्षा, तकनीक, शहरीकरण और समृद्धि का फैलाव बढ़ा है, समाज इस कूप मंडूकता से धीरे धीरे ही सही मगर बाहर आ रहा है। तमाम जातियों के युवा अब प्रेम विवाह करते समय जाति की परवाह नहीं करते ।नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार भारत में अंतजार्तीय विवाहों की संख्या अब ग्यारह फीसदी तक पहुंच गई है। महानगरों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में भी अंतरजातीय विवाह अपेक्षाकृत बढ़े हैं। स्वयं भारत सरकार भी ऐसे विवाहों को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएँ चलाती रही है ।याद कीजिए, पचास साठ साल पहले भी क्या यही स्थिति थी? क्या तब भी दूसरी जातियों के लोगों के साथ हम इतने ही सहज थे, जितने आज हैं? ऐसे में क्या कोई दावे से कह सकता है कि भारत में जाति प्रथा स्थाई तौर पर प्रभावी रहने जा रही है? हो सकता है कि हमारे जीते जी यह व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त न हो मगर अगले सौ दो सौ सालों की क्या कोई गारंटी ले सकता है? इस जहालत से बाहर आए बिना भारत तरक्की कर भी सकता है क्या? कुछ जमा बात यह है कि जातीय वैमनस्य का दौर लगभग बीत चुका है और जहां थोड़ा बहुत है, वह भी आखरी सांसें गिन रहा है तो फिर क्यों उस काले अध्याय को याद करना? क्या जातीयता से उपजे दंभ अथवा हीन भावना को रात गई बात गई कि तर्ज पर भुलाया नहीं जाना चाहिए?

## योग, आयुर्वेद और आस्था का अद्भुत संगम, मुरादनगर में हुआ वार्षिक मिट्टी लेपन कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**मुरादनगर।** छोटा हरिद्वार गंग नहर तट पर अखिल भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित वार्षिक मिट्टी लेपन एवं गंगा स्नान कार्यक्रम में रविवार को उत्साह और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में लगभग 600 योग साधक एवं साधिकाओं ने भाग लेकर प्राकृतिक चिकित्सा और योग पद्धति का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक विधि से तैयार विशेष मिट्टी लेपन कराया गया। इसमें मिट्टी, मुल्तानी मिट्टी, गिलोय, ऐलोवेरा, चंदन, कच्ची हल्दी, केवड़ा और गुलाब जल जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया। आयोजकों के अनुसार यह लेपन शरीर के विकारों को दूर कर तन और मन को शुद्ध करने में सहायक माना जाता है, जबकि गंगा स्नान आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

राजनगर सेक्टर-4 स्थित औषधि पार्क में नियमित योग साधना करने वाले साधकों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें डॉक्टर आर.के. पोद्दार, नामित पार्षद एवं योग साधक प्रदीप चौधरी, के.के. गुप्ता, योग साधिका सुधा शर्मा, बीना चौधरी और मिनी वाधवा सहित अनेक लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम में बच्चों ने भी मिट्टी लेपन कर खूब मस्ती की और उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। नामित पार्षद एवं योग साधक प्रदीप चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मिट्टी चिकित्सा और गंगा स्नान का विशेष महत्व है। प्राकृतिक उपचार पद्धति शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करती है।

डॉक्टर आर.के. पोद्दार ने बताया कि मिट्टी लेपन शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होता है तथा आयुर्वेदिक तत्वों से तैयार यह लेपन त्वचा और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है।

अखिल भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष के.के. अरोड़ा ने कार्यक्रम में शामिल सभी साधकों, साधिकाओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग, प्राकृतिक चिकित्सा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए इस प्रकार के आयोजन समाज को स्वस्थ एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## दिनदहाड़े 6 लाख की लूट का खुलासा: पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, नकदी और लैपटॉप बरामद



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र में हुई 6 लाख रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम, लैपटॉप, अवैध हथियार और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, दिनांक 17 मई 2026 को वादी मोहम्मद सावेज सैफी निवासी ग्राम सतवाई, थाना रोहटा जनपद मेरठ ने शिकायत दर्ज कराई कि दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उनकी महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने गाड़ी चालक नितिन के साथ मारपीट की और वादी का बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में लगभग 6 लाख रुपये नकद और एक लैपटॉप रखा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही थाना मुरादनगर में तत्काल मामला दर्ज करते हुए पुलिस टीम गठित की गई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 अवैध तमंचे, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लूट से संबंधित लैपटॉप तथा 6 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

# फर्जी आधार कार्ड गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

## बालाजी जनसेवा केंद्र की आड़ में चल रहा था फर्जी दस्तावेजों का नेटवर्क, 42 फर्जी दस्तावेज व उपकरण बरामद





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थाना साइबर क्राइम टीम ने एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का पदार्फाश करते हुए फर्जी आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज तैयार करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 04 मोबाइल फोन, 02 लैपटॉप तथा 42 फर्जी पीपीओ, जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीपक कुमार एवं विकास कुमार (दोनों पुत्र तारा चन्द्र, निवासी हसनपुर लौढा, थाना धौलाना, जनपद हापुड़) के रूप में हुई है। यह गिरोह 'बालाजी जनसेवा केंद्र' के नाम से थापर बिल्डिंग, पंचवटी तिराहे के पास संचालित जनसेवा केंद्र की आड़ में फजीर्वाड़ा कर रहा था।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर आधार में संशोधन का खेल

पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त 3500 से 4000 रुपये लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, एलपीजी कनेक्शन दस्तावेज एवं सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के पीपीओ (पेंशन प्रपत्र आदेश) जैसे दस्तावेज तैयार करते थे।

इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि एवं पते में अवैध संशोधन कराया जाता था। बरामद लैपटॉप से दिल्ली नगर निगम के जन्म प्रमाण पत्र, एलपीजी गैस एजेंसी दस्तावेज तथा सेना से संबंधित पीपीओ के टेम्पलेट भी मिले हैं, जिनका उपयोग हूबहू फर्जी दस्तावेज तैयार करने में किया जाता था।

### पोस्ट ऑफिस कर्मचारी की भूमिका भी संदिग्ध

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस पूरे नेटवर्क में पोस्ट ऑफिस की कर्मचारी 'कोमल' की भूमिका भी संदिग्ध है, जिसे प्रति फर्जी आधार कार्ड 250 रुपये दिए जाते थे। पुलिस ने उसके खिलाफ जांच तेज कर दी है और उसकी तलाश जारी है।

### 1938 की फर्जी जन्मतिथि भी बरामद

बरामद दस्तावेजों में दिल्ली नगर निगम के नाम पर 1938 की फर्जी जन्मतिथि वाला प्रमाण पत्र भी शामिल है। गिरोह द्वारा दफकोड तक जनरेट कर दस्तावेजों को वास्तविक दिखाने का प्रयास किया जाता था।

### साइबर पुलिस की जांच जारी

पुलिस द्वारा बरामद साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि इन फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किन-किन व्यक्तियों के आधार कार्ड संशोधन में किया गया है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी तेज कर दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने स्पष्ट किया है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और पूरे नेटवर्क का जल्द खुलासा किया जाएगा।